www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ... | पत्र नहीं; मित्र | संपर्क : deshbandhusgr@gmail.com

देशबन्धु

वर्ष – 8 I अंक–224 I सागर, मंगलवार, 3 अक्टूबर 2023 I पृष्ठ –8 I मूल्य – 3.00 रुपए

ददरी और बरा गांव में चल रही अवैध फैक्ट्री पर छापा पृष्ठ 3

- भारत-कनाडा बिगाड़ : सावधान, आगे खाई है!
- स्वामीनाथन ने भारत को खाद्यान्न मांगने वाले देश से निर्यातक देश में बदल दिया पृष्ठ 4

- तेज रफ्तार बस अनियंत्रित होकर पेड़ों से टकराई, 15 यात्री हुए घायल पृष्ठ 6

गांधी जयंती पर हुए आयोजन, दिलाई स्वच्छता की शपथ पृष्ठ 7

सार-समाचार

राहुल ने स्वर्ण मंदिर में टेका मत्था, बर्तन सेवा की

अमृतसर, एजेंसी। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सोमवार को पवित्र सिख तीर्थस्थल हरमंदिर साहिब, जिसे स्वर्ण मंदिर कहा जाता है, में मत्था टेका। इस दौरान उन्होंने अरदास की और बर्तन धोए। इस दौरान उनके साथ कई कांग्रेस नेता और स्वर्ण मंदिर प्रबंध समिति के अन्य सदस्य मौजूद थे।

मेघालय में भूकंप के झटके किए गए महसूस

शिलांग, एजेंसी। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी ने कहा कि सोमवार शाम को मेघालय के उत्तरी गारो हिल्स क्षेत्र और असम के आसपास के जिलों में मध्यम तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 5.2 मापी गई। मध्यम तीव्रता का झटका शाम छह बजकर 15 मिनट पर आया। उत्तरी गारो हिल्स व आसपास के पश्चिम व पूर्वी गारो हिल्स जिलों के साथ-साथ असम के निकटवर्ती इलाकों में भी जोरदार झटके महसूस किए गए। भूकंप सतह से दस किमी की गहराई पर आया।

दमोह के वरिष्ठ नेता राघवेंद्र सिंह लोधी की घर वापसी

भोपाल, देशबन्धु। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान, पार्टी के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जमवाल,केंद्रीय मंत्री व प्रदेश चुनाव प्रभारी भूपेंद्र यादव, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा, केंद्रीय मंत्री व प्रदेश चुनाव सह प्रभारी अश्विनी वैष्णव, पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद के समक्ष दमोह जिले के वरिष्ठ नेता राघवेंद्र सिंह लोधी ने घर वापसी की। वरिष्ठ नेताओं ने उन्हें पार्टी का अंग वस्त्र पहनाकर उनका स्वागत किया।

बंगाल के 7 जिलों में बाढ़ का अनुमान

कोलकाता, एजेंसी। पश्चिम बंगाल सरकार ने सोमवार को कहा कि पड़ोसी राज्य झारखंड के ऊपरी जलग्रहण क्षेत्रों में लगातार बारिश के कारण राज्य के सात जिलों में बाढ़ का अनुमान है। झारखंड में ऊपरी जलग्रहण क्षेत्रों में जारी और अनुमानित भारी बारिश के कारण राज्य के सात जिलों पश्चिम बर्धमान, बांकुरा, बीरभूम, पूर्व बर्धमान, पश्चिम मेदिनीपुर, हुगली और हावड़ा में बाढ़ का प्रबल अनुमान है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बाढ़ सुरक्षा और प्रबंधन के लिए तत्काल एहतियाती कदम उठाने के लिए संबंधित जिलों के साथ तत्काल वर्चुअल बैठक कर सहमति बनाने का निर्देश दिया।

विपक्ष का विकास विरोधी रुख निंदनीय : पटनायक

भुवनेश्वर, एजेंसी। बीजू जनता दल (बीजद) सुप्रीमो एवं ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने सोमवार को विपक्ष की जनविरोधी और विकास विरोधी रूख की आलोचना की और कहा कि विपक्षी दल ओडिशा की विकास यात्रा से खुश नहीं हैं और गलत जानकारी देकर लोगों को गुमराह कर रहे हैं। पटनायक ने गांधी जयंती के दिन प्रदेश भर में बीजद पदयात्रा की शुरुआत करते हुए कहा कि गलत जानकारी देकर लोगों को गुमराह करना विपक्ष का एकमात्र काम रह गया है। उन्होंने जोर दिया कि जब भी कोई चुनाव होता है तो विपक्ष हमेशा ऐसी गतिविधियों में शामिल होता है लेकिन जनता ने हमेशा उन्हें खारिज कर दिया है।

तृणमूल कांग्रेस का राजघाट पर प्रदर्शन

नई दिल्ली, देशबन्धु। तृणमूल कांग्रेस ने केंद्र सरकार से महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) और अन्य योजनाओं के लिए धन की मांग को लेकर सोमवार को राजघाट पर विरोध प्रदर्शन किया। तृणमूल कांग्रेस के महासचिव और पार्टी सांसद अभिषेक बनर्जी ने राजघाट पहुंचकर महात्मा गांधी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी और फिर पार्टी नेताओं के साथ केंद्र सरकार के खिलाफ धरने पर बैठ गए।

प्रधानमंत्री ने ग्वालियर से दी प्रदेश को कई सौगातें : 2.21 लाख आवासों में हुआ गृहप्रवेश, 19 हजार करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास, बोले-

आपका एक वोट देगा मध्यप्रदेश को टॉप-3 में लाने की गारंटी

ग्वालियर, देशबन्धु। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि बीते सालों में हमारी सरकार बीमारू मध्यप्रदेश को टॉप-10 राज्यों में लेकर आई है। हमारा अगला लक्ष्य मध्यप्रदेश को टॉप-3 राज्यों में लाना है। लेकिन ये काम कौन कर सकता है? इसकी गारंटी कौन दे सकता है? आपका एक वोट ही इसकी गारंटी दे सकता है। उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि ये सारे काम डबल इंजन की सरकार के साझा प्रयासों का परिणाम हैं। केंद्र और राज्य में जब समान सोच वाली विकास को समर्पित सरकारें होती हैं, तो काम होते हैं।

वह आज ग्वालियर के मेला ग्राउंड में प्रधानमंत्री आवास योजना के 2.21 लाख हितग्राहियों के गृहप्रवेश और 19 हजार करोड़ की लागत वाली विकास परियोजनाओं के लोकार्पण तथा शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज 19 हजार करोड़ की इतनी विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास हुआ है कि आपके हाथ तालियां बजाते हुए थक गए होंगे। पहले की सरकारें जितने काम साल भर में करती होंगी, उतने काम हमारी सरकार ■ शेष पृष्ठ 5 पर

मोदी पूछता भी है और पूजता भी

भाजपा सरकार हर वर्ग के विकास के लिए समर्पित है। जिन्हें कोई नहीं पूछता, उन्हें मोदी पूछता भी है और पूजता भी है। क्या 2014 से पहले किसी ने दिव्यांग शब्द सुना था? शारीरिक चुनौतियों से जूझ रहे इन लोगों को कांग्रेस की सरकारों ने अपने हाल पर छोड़ दिया था। हमने इनकी चिंता की, आधुनिक ■ शेष पृष्ठ 5 पर

विरोधियों को देश की प्रगति से है नफरत

उन्होंने कहा कि विकास विरोधी लोग जिनके पास विकास की कोई सोच और रोडमैप नहीं है, ये मध्यप्रदेश का विकास नहीं कर सकते। श्री मोदी ने कहा कि इन विकास विरोधियों को देश ने 60 साल दिए, इन सालों में कितना विकास हो सकता था? लेकिन इन्होंने नहीं किया। ये उस समय भी गरीबों की भावनाओं से खेलते रहे, जात-पांत के नाम पर समाज को बांटते रहे और आज भी यही कर रहे हैं।

कमलनाथ ने गरीबों के घर लौटाए, भाजपा सरकार ने 38 लाख मकान बनवाए : शिवराज

सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि आज 2 लाख से ज्यादा गरीब गृह प्रवेश कर अपने घर में जा रहे हैं। प्रदेश के लोगों को 38 लाख मकान बनाकर दिए गए। प्रधानमंत्री ने गरीबों के लिए मकान दिए थे, कमलनाथ ने वापस कर दिए, क्योंकि राज्य सरकार का शेयर न देना पड़े। उन्होंने जल जीवन मिशन योजना का जिक्र भी इस दौरान किया। श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी मध्यप्रदेश के लिए 19 हजार करोड़ की सौगात लेकर आए हैं। प्रधानमंत्री जी के स्वच्छता के मंत्र ■ शेष पृष्ठ 5 पर

खुले वाहन में सवार जन दर्शन के लिए निकले प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा के साथ खुले वाहन पर सवार होकर ऐतिहासिक नगरी ग्वालियर के मेला मैदान में प्रवेश किया। प्रधानमंत्री द्वारा किए गए जनदर्शन के दौरान भारी संख्या में मौजूद जनसमूह ने करतल ध्वनि और नारे लगाकर उनका आत्मीय स्वागत किया।

महाराष्ट्र में ट्रक ने 10 मजदूरों को कुचला

सड़क किनारे सो रहे थे मजदूर, 5 की मौत

बुलढाणा, एजेंसी। महाराष्ट्र के बुलढाणा में नांदुरा-मलकापुर राज्य राजमार्ग पर एक भयानक दुर्घटना में एक तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क किनारे सो रहे 10 मजदूरों को कुचल दिया। इस हादसे में पांच की मौके पर ही मौत हो गई। मलकापुर के एसडीपीओ देवराम गवली ने कहा कि यह घटना सुबह करीब 5.30 बजे हुई, जब सेब की खेप से लदा एक ट्रक हाइवे से उतरकर सड़क मरम्मत कार्यों में लगे 10 श्रमिकों पर चढ़ गया।

पुलिस ने बताया कि चालक मौके से भाग गया। एसडीपीओ देवराम गवली ने बताया कि पीड़ित मुख्य सड़क से काफी दूर थे और ऐसा लग रहा था कि ट्रक रास्ता भटक गया था, जिससे यह त्रासदी हुई। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि ड्राइवर को गाड़ी चलाते समय झपकी आ गई होगी। उसने ट्रक छोड़ दिया। फिलहाल वह फरार है और हमने उसकी तलाश शुरू कर दी है। इस भीषण हादसे में पांच श्रमिकों की मौके पर ही मौत हो गई और पांच अन्य बुरी तरह घायल हो गए, जिनमें दो की हालत गंभीर है, और उन्हें पास के चोपडे अस्पताल ले जाया गया है। मृतकों की पहचान अभिषेक आर. जांभेकर (18), प्रकाश बी. जांभेकर (26), पंकज टी. जांभेकर (25) के रुप में की गई है।

नांदेड़ के सरकारी अस्पताल में 24 मरीजों की मौत

नांदेड़, एजेंसी। महाराष्ट्र में नांदेड़ के शंकरराव चव्हाण सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में कथित रूप से दवाओं की कमी के कारण पिछले 24 घंटों में कम से कम 24 गंभीर रूप से बीमार मरीजों की मौत हो गई। सूत्रों ने सोमवार को बताया कि मृतकों में 12 नवजात शिशु भी शामिल हैं। बताया जाता है कि राज्य भर के सरकारी अस्पताल दवाओं की कमी से जूझ रहे हैं। इन सरकारी अस्पतालों में दवा सप्लाई करने वाली कंपनी हाफकिन इंस्टीट्यूट ने दवाइयों की खरीदारी बंद कर दी है जिसके कारण यह स्थिति निर्मित हुई है।

चिकित्सा में 2023 के नोबेल का ऐलान

कोरोना के खिलाफ टीकों के लिए कैटालिन व वीसमैन को पुरस्कार

स्टॉकहोम, एजेंसी। हंगेरियन-अमेरिकी बायोकेमिस्ट कैटालिन कारिको और अमेरिकी चिकित्सक-वैज्ञानिक ड्रू वीसमैन को कोविड-19 टीकों में इस्तेमाल की जाने वाली संशोधित मैसेंजर आरएनए (एमआरएनए) तकनीक विकसित करने के लिए मेडिसिन में 2023 का नोबेल पुरस्कार दिया गया है। नोबेल समिति ने सोमवार को इस पुरस्कार की घोषणा की। नोबेल समिति ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर कहा, फिजियोलॉजी या मेडिसिन में 2023 का नोबेल पुरस्कार कैटालिन कारिको और ड्रू वीसमैन को न्यूक्लियोसाइड बेस संशोधनों से संबंधित उनकी खोजों के लिए प्रदान किया गया है, जिन्होंने कोविड-19 के खिलाफ प्रभावी एमआरएनए टीकों के विकास को सक्षम किया है। ■ शेष पृष्ठ 5 पर

3 लाख के इनामी आतंकी समेत 3 संदिग्ध गिरफ्तार

- पुणे पुलिस की हिरासत से भाग गया था शाहनवाज
- बम बनाने का सामान बरामद

नई दिल्ली, देशबन्धु। दिल्ली पुलिस ने फरार चल रहे आईएसआईएस के मोस्ट वांटेड आतंकवादियों में से एक शाहनवाज को गिरफ्तार कर लिया है। वह पुणे पुलिस की हिरासत से भाग गया था और दिल्ली में रह रहा था। उस पर 3 लाख रुपए का इनाम था। शाहनवाज पर आईएसआईएस मॉड्यूल से संबंध रखने का आरोप है। पुलिस के मुताबिक शाहनवाज से पूछताछ की जा रही है। अधिकारियों ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया दिल्ली पुलिस ने एनआईए के मोस्ट वांटेड आतंकवादियों में से एक शाहनवाज को गिरफ्तार कर लिया है। उसके साथ मोहम्मद अरशद वारसी और रिजवान नाम के संदिग्धों को भी गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि इनके पास से बम बनाने की ट्यूब ■ शेष पृष्ठ 5 पर

मणिपुर में छात्रों की हत्या मामले में 4 गिरफ्तार

- आरोपियों की गिरफ्तारी का विरोध शुरू
- 6 अक्टूबर तक इंटरनेट पर प्रतिबंध

इंफाल, एजेंसी। मणिपुर में 2 छात्रों की हत्या के आरोप में सीबीआई ने 4 लोगों को गिरफ्तार किया। इनमें 2 महिलाएं हैं। इन्हें चुराचांदपुर से पकड़ा गया है। जांच एजेंसी सभी आरोपियों को असम के गुवाहाटी ले गई है। गिरफ्तार लोगों में हत्या का मुख्य आरोपी और उसकी पत्नी भी है। मुख्यमंत्री एन बीरेन ने भी चार लोगों की गिरफ्तारी की पुष्टि की है। इनके नाम पाओमिनलुन हाओकिप, एस. मालस्वान हाओकिप, लिंग्नेइचोन बाइट और टिन्नुपिंग हैं। उन्होंने कहा कि हम दोषियों को मौत की सजा दिलाएंगे।

उधर, चार आरोपियों के गिरफ्तारी का विरोध भी शुरू हो गया है। चुराचांदपुर में प्रदर्शनकारियों ने गिरफ्तार लोगों को बेकसूर बताते हुए 48 घंटे में रिहाई की मांग की। उन्होंने रविवार रात से जिले में बंद का ऐलान कर दिया। इसके बाद राज्य में सेल्युलर इंटरनेट बैन 6 अक्टूबर तक बढ़ा दिया गया। वहीं, लापता बच्चों के परिजन ने दैनिक भास्कर से कहा कि जब तक शव बरामद नहीं हो जाते, तब तक उन्हें शांति नहीं मिलेगी। मणिपुर में 23 सितंबर को इंटरनेट बहाली के ■ शेष पृष्ठ 5 पर

2 करोड़ की लागत के महाराजा छत्रसाल लोक सहित 9 करोड़ के कार्यों का भूमिपूजन

स्टेडियम, संजीवनी क्लीनिक, तालाब सौंदर्यीकरण कार्यों का लोकार्पण

मालथौन, देशबन्धु। मंत्री भूपेंद्र सिंह ने यहां के महाराजा छत्रसाल पार्क में 1 करोड़ की लागत से महाराज छत्रसाल की प्रतिमा स्थापना कार्य का भूमिपूजन करते हुए 2 करोड़ की लागत से महाराज छत्रसाल लोक बनाने की घोषणा की। मंत्री श्री सिंह ने यहां कृषि मंडी के समीप इटवा में 8 करोड़ की लागत से फूड कोर्ट होटल के निर्माण, बरोदिया कलां व रजवांस में स्ट्रीटलाईट, मार्ग चौड़ीकरण कार्य का लोकार्पण व विभिन्न कार्यों का भूमिपूजन किया। क्षत्रिय समाज के वरिष्ठजनों का शाल श्रीफल से सम्मान किया और कहा कि मालथौन में राजा जू सेमरा और राजा जू दरी जनसंघ और भाजपा के संस्थापक रहे हैं जिनकी गरीबों के प्रति सेवा और पार्टी के लिए योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। श्री सिंह ने कहा कि महाराजा छत्रसाल ने अपने 82 साल के जीवन में 60 युद्ध लड़े। उन्होंने औरंगजेब और मुगलों से बुंदेलखंड के मंदिरों, धर्म, संस्कृति और जनता के स्वाभिमान की रक्षा की। मालथौन के पार्क में महाराज छत्रसाल लोक में उनका पूरा जीवन वृत दर्शाया जाएगा। मंत्री भूपेंद्र सिंह ने बरोदिया कलां नगर परिषद क्षेत्र में कुल 4 करोड़ के विकास कार्य लोकार्पित किए। लोकार्पण में 1.67 करोड़ की लागत का स्टेडियम, 1 करोड़ लागत का तालाब सौंदर्यीकरण, 26 लाख से निर्मित संजीवनी क्लीनिक, मृगावली, खैरा, प्रेमपुरा, सिमरिया, बीकोर कलां एवं चुरारी में बने 17.17 लाख लागत के 6 सामुदायिक भवनों का लोकार्पण किया। गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छता कर्मी मित्रों और बहनों को पुष्पवर्षा कर सम्मानित किया। नगर परिषद मालथौन के स्वच्छता कर्मियों को सुरक्षा किट भेंट की। उन्होंने मालथौन में रजक समाज व रैंकवार समाज के सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 25-25 लाख की स्वीकृति दी। मालथौन कृषि उपज मंडी प्रांगण में वार्ड क्र. 7 व 8 निवासी सभी समाजों के प्रतिनिधि मंडलों ने मंत्री भूपेंद्र सिंह को गत सप्ताह राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के द्वारा मिले अवार्ड के उपलक्ष्य में नागरिक अभिनंदन कर सम्मानित किया। इस समारोह में मंत्री भूपेंद्र सिंह ने मुस्लिम समाज के सामुदायिक भवन के लिए 1 करोड़ रुपए, शिव जी मंदिर सौंदर्यीकरण के लिए 10 लाख, सोनी समाज की धर्मशाला के लिए 25 लाख, लौहगढ़िया समाज के श्मशानघाट की बाउंड्री वॉल निर्माण की स्वीकृति दी।

आजादी के लिए गांधी जी लड़े, तो महिलाओं को बराबरी का दर्जा दिलाने डॉ. अंबेडकर ने संघर्ष किया: गोविंद सिंह राजपूत

सागर, देशबन्धु। 2 अक्टूबर को भारत देश की जनता के लिए महत्वपूर्ण दिन है। आज ही के दिन इस देश को महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जैसे महान नेता समाज सुधारक मिले थे। भारत को आजादी दिलाने में पहला नाम महात्मा गांधी का है तो समाज सुधार और महिलाओं को बराबरी का दर्जा दिलाने में संघर्ष करने में पहला नाम डॉ.भीमराव अंबेडकर का आता है। डॉ. भीमराव अंबेडकर का मानना था कि किसी समाज का मूल्यांकन उस समाज में महिलाओं की स्थिति से किया जाना चाहिए। किसी भी देश की उन्नति और विकास के लिए महिलाओं का समुचित विकास होना सर्वोपरि है। यह बात मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कही। मंत्री श्री राजपूत ग्राम बिलहरा मे महात्मा गांधी और डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा अनावरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान मंत्री राजपूत ने 20 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण किया। बिलहरा बस स्टैंड पर 1.30 करोड़ की लागत से निर्मित शॉपिंग कॉम्पलेक्स एवं संजीविनी भवन का लोकार्पण किया। साथ ही उन्होंने 2.5 करोड़ की लागत से स्वीकृत बस स्टैंड, 2 करोड़ की लागत से खेल स्टेडियम एवं 2 करोड़ की लागत से स्वीकृत मंगल भवन का भूमिपूजन किया। उन्होंने कहा कि बिलहरा व आसपास के गांव के लोगों को छोटे-छोटे कार्यक्रम के लिए अब भटकने की जरूरत नहीं है। बिलहरा में ही सर्व सुविधायुक्त मंगल भवन का निर्माण शुरू हो रहा है, जिससे गरीब बेटा बेटियों की शादी मंगल भवन में हो सकेगी। मंत्री राजपूत ने नगर परिषद बिलहरा में कायाकल्प अभियान के तहत 97 लाख रुपए की लागत से सीसी सड़क और नाली निर्माण, हाई मास्ट लाइट, ट्रॉसफॉर्मर की स्थापना, सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया।

सार-समाचार

मिटा डाला एकता कॉलोनी का मुख्यमार्ग, लोग परेशान

सागर, देशबन्धु। एकता कॉलोनी का मुख्य लिंक रोड जो एमएलबी स्कूल से खेल परिसर कचहरी रोड के मुख्य मार्ग को जोड़ता है यहां नगर निगम की प्रस्तावित कार्यालय बिल्डिंग बन रही है जिसके भारी भरकम वाहन जो निर्माण सामग्री लाते और ले जाते हैं दिन-रात धमा चौकड़ी मचाते रहते हैं। एक दूसरे से होड़ लगाती हुई ट्रैक्टर ट्रालियां रात भर लोगों का चैन हराम किये रहती हैं इसके कारण पूरी सड़क बुरी तरह टूट फूट गई है। पाइपलाइन में भी कई जगह लीकेज हो गए हैं। पूरी सड़क पर गिट्टी और मिट्टी डाली हुई है जिसके कारण लोगों का आना जाना चलना फिरना और निकालना मुश्किल हो गया है। रोज दुर्घटनाएं हो रही है, उतने पर स्ट्रीट लाइट भी बंद बड़ी रहती है। बताते हैं कि जब बिल्डिंग बन जाएगी तो बाद में यह ऊंची और चौड़ी सीसी रोड बना दी जाएगी किंतु तब तक क्या होगा यह भगवान ही जाने।

कलेक्टर कार्यालय में मनाई गई गांधी जयंती

सागर, देशबन्धु। गांधी जयंती के अवसर पर कलेक्टर कार्यालय में स्थापित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि कर उनको नमन किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर दीपक आर्य, अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी, उपजिला निर्वाचन अधिकारी भव्या त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारियों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की एवं उनको नमन किया। इस अवसर पर कार्यालय परिवार मौजूद था।

बहला फसलाकर भगाई गई नाबालिक आदिवासी लड़कियों को पुलिस ने पकड़ा

सागर, देशबन्धु। एक और दो अक्टूबर की दरमियां की रात गोपालगंज पुलिस थाना के बस स्टैंड बीट प्रभारी सहायक उप निरीक्षक बलराम उपाध्याय को रात्रि गस्त के दौरान एक युवक के साथ दो नाबालिक लड़कियों को देखकर संदेह हुआ पूछताछ करने पर पता चला की तीनों आदिवासी हैं और यह आदिवासी लड़का लखन बाई और वह सपना आदिवासी उम्र 12 साल एवं लक्ष्मी आदिवासी उम्र 13 साल को ग्राम रजवास से भगाकर ग्राम जगथर बंडा ले जाने की फिराक में था पता करने पर ज्ञात हुआ की पुलिस चौकी रजवास थाना मालथौन में धारा 363 का प्रकरण पंजीबद्ध है। वहां की पुलिस को बुलाकर मय आरोपी इन्हें मालथौन पुलिस के सपोर्ट कर दिया गया।

मतदाताओं को ईवीएम का प्रदर्शन कर किया जागरूक

बीना, देशबन्धु। मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र बीना में एसडीएम देवेंद्र प्रताप सिंह के निर्देशन में तहसील परिसर के अलावा गांधी तिराहा बीना में विशेष कैंप के माध्यम से मतदाताओं को ईवीएम का प्रदर्शन कर जागरूक किया। मास्टर ट्रेनर केके जैन ने मतदाताओं को ईवीएम की कार्य प्रणाली से अवगत कराया एवं मतदाताओं की सभी शंकाओं का समाधान किया। इस अवसर पर मतदाताओं को मतदान के दौरान अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। ईवीएम जागरूकता अभियान में प्रीतम राय, दीपक गोस्वामी उपस्थित थे।

युवक का शव लेकर थाने पहुंचे परिजन, प्रदर्शन कर कार्रवाई की कर रहे मांग

बीना, देशबन्धु। इलाज के दौरान अंकित तिवारी की मौत के बाद खुरई सिविल अस्पताल में पोस्टमॉर्टम कराया गया। पोस्टमॉर्टम के बाद परिजन शव लेकर खिमलासा थाने पहुंचे। जहां थाने के बाहर शव लेकर बैठ गए और प्रदर्शन कर रहे हैं। परिजनों का कहना कि जिन लोगों ने युवक के साथ मारपीट की है उन पर कार्रवाई की जाए और युवक के साथ मारपीट करने वाले पुलिस वालों को निलंबित किया जाए। मृतक के परिजनों का कहना है कि मारपीट करने वाले 8 लोगों पर कार्रवाई की जाए। इसके अलावा खिमलासा थाना के दो आरक्षक, एक एएसआई और नगर सैनिक को निलंबित करने की मांग परिजनों द्वारा की जा रही है। जब तक कार्रवाई नहीं होती है, तब तक वह थाने के बाहर गेट पर प्रदर्शन करते रहेंगे। परिजनों की मांग है कि एएसआई आसिफ उली खान, आरक्षक विकास यादव, बृजभान पटेल और नगर सैनिक सत्यनारायण लिटौरिया को निलंबित किया जाए। इसके अलावा मारपीट करने वाले घूमन पिता इमरत लोधी, देवेश पिता भगतराम सोनी, विजय पिता भगतराम, गोविंद पिता रामसेवक साहू, ऊदल पिता खेमचंद अहिरवार, गुड्डू पिता गनपत पटेल, बल्कू पिता मुन्ना पटेल और खुमान पिता टीकाराम पटेल सभी निवासी खिमलासा के खिलाफ समाचार लिखे जाने तक कार्रवाई करने की मांग करते रहे।

बीना में एक दर्जन से अधिक शिक्षकों को मिली पदोन्नति

बीना, देशबन्धु। मप्र स्कूल शिक्षा विभाग ने बीना के लगभग एक दर्जन से अधिक शिक्षकों को पदोन्नति दी है जिनमें एसपी तिवारी व्याख्याता उत्कृष्ट विद्यालय बीना को पार हाईस्कूल का प्राचार्य, अजय कुमार पटेरिया मिडिल स्कूल नानक वार्ड को पड़रिया हाईस्कूल का प्राचार्य, मंजूलता जैन व्याख्याता क्रमांक 2 को हाईस्कूल नानक वार्ड का प्राचार्य, साधना जैन व्याख्याता उत्कृष्ट विद्यालय बीना को हाईस्कूल धनोरा का प्राचार्य, एनपी दुबे उच्च माध्यमिक शिक्षक को बुखारा हाईस्कूल का प्राचार्य, मंजू यादव उच्च माध्यमिक शिक्षक सीएम राइज मॉडल स्कूल को सीएम राइज स्कूल में उप प्राचार्य बनाया गया है। जबकि विनोद कुमार श्रीवास्तव उच्च श्रेणी शिक्षक उत्कृष्ट विद्यालय को व्याख्याता उत्कृष्ट विद्यालय, सोमेश माथुर उच्च श्रेणी शिक्षक नानक वार्ड को कोरजा हायर सेकेंडरी स्कूल में व्याख्याता बनाया गया है, संदीप जैन उच्च श्रेणी शिक्षक को बसाहरी हायर सेकेंडरी स्कूल में व्याख्याता बनाया गया है, अरुणा दुबे उच्च श्रेणी शिक्षक क्र. 2 को उसी विद्यालय में व्याख्याता बनाया गया है, सुदेश पंथी उच्च श्रेणी शिक्षक क्र. 2 को कन्या इटावा हायर सेकेंडरी स्कूल में व्याख्याता बनाया गया है।

गांधी जयंती पर स्वच्छता अभियान के तहत हुआ स्वच्छता कार्यक्रम

सागर, देशबन्धु। भाजपा के द्वारा सेवा पखवाड़े के अंतर्गत चलाये जा रहे विभिन्न सेवा कार्यक्रमों के अंतर्गत शहर को स्वच्छ बनाने के उद्देश्य से चल रहे निरंतर स्वछता अभियान के तहत गांधी जयंती के अवसर पर भाजपा के युवा कार्यकर्ताओ एवं नगर निगम की स्वछता अभियान के संचालक महापौर प्रतिनिधि कैप्टन रिशांक तिवारी की टीम के द्वारा पहलवान बब्बा मंदिर में सुबह से स्वछता कार्यक्रम चलाया। जिसमे बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओ ने मंदिर परिसर की सफाई की। इस अवसर पर जहां रिशांक तिवारी ने नगर में चलाये जा रहे स्वछता अभियान में नगर वासियो से ज्यादा से ज्यादा संख्या में अपना योगदान देने की अपील के साथ सेवा पखवाड़े में योगदान के लिए आभार व्यक्त किया। वही भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक अर्पित पाण्डेय ने मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं से मंदिर परिसर में निकलने वाले कचरे जैसे अगरवत्ती पैकेट, पॉलीथिन, डिस्पोजल वगेरा के निस्तारण के लिए ज्यादा से ज्यादा डस्टबिन के उपयोग के लिए अपील की हैं जिससे मंदिर एवं अन्य परिषर को स्वच्छ बनाया जा सके। कार्यक्रम का आभार आदित्य पाण्डेय ने माना।

भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी ने मनाई गांधी जयंती

सागर, देशबन्धु। गांधी जयंती पर भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी कार्यालय में गांधी जी की फोटो पर माल्यार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि 78 वर्षीय कॉमरेड चंद्रकुमार जैन ने पानी बात रखते हुए कहा कि महात्मा गांधी के राष्ट्रीय आजादी के आंदोलन में योगदान को कभी भूला नहीं जा सकता। अहिंसा के मार्ग से संघर्षों के जरिये जीत हासिल करने का उनका अनोखा अंदाज और तरीके से दुनिया के राष्ट्रीय आंदोलनों ने सीखा और अपने देश की संप्रभुता, एकता, अखंडता की रक्षा की है। ये वही गांधी है, जिन्होंने सामाजिक आंदोलन चलाकर छुआ छूत, अस्पृश्यता की खिलाफत करते हुए, स्वच्छता और सांप्रदायिक भाईचारा को मजबूती से स्थापित करने संघर्ष चलाये और सामाजिक शोषण के खिलाफ भी संघर्ष किए। उनके बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। इसलिए आज भी वे दुनिया के चहेते नेताओं में शुमार हैं, असर अमर हैं। दुखद बात ये है कि पिछले 9 वर्षों के भाजपा शासनकाल में गांधी जी के हत्यारे नाथूराम गोडसे को स्थापित किया जा रहा है, संविधान के विरुद्ध, गांधी जी के आदर्शों के विरुद्ध एक माहौल बनाया जा रहा है जिसके चलते समाज में जनता के बीच असुरक्षा, जातिगत भेदभाव, धार्मिक असिहिष्णुता लगातार बड़ रही है और हालत बेकाबू हो रहे हैं।

मजबूरी नहीं मजबूती का नाम हैं महात्मा गांधी: प्रो. नीलिमा गुप्ता

सागर, देशबन्धु। स्वच्छता अभियान के तहत विवि ने बहुस्तरीय कार्यक्रमों का आयोजन किया। कार्यक्रम में समस्त विवि परिवार ने गांधीजी के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर राष्ट्रपिता के प्रति अपनी कृतज्ञता अर्पित की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने कहा कि आज का दिन हमारे देश की दो विभूतियों राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और माटी के लाल लालबहादुर शास्त्री के जन्मदिन के कारण आधुनिक भारतीय इतिहास का सर्वाधिक उज्जवल दिन बन गया है। आज के दिन हमारा कृतज्ञ राष्ट्र इन्हें याद करता है और इनके बताये रास्ते पर चलने की कोशिश करता है। आज दुनिया के अधिकांश देश बापू के सिद्धांतों और सरोकारों को ह्रदय से मानते और अपना रहे हैं। इतिहास ने बापू की अहिंसा को दुनिया का सबसे ताकतवर सिद्धांत के रूप में स्वीकार किया। उन्होंने अपने नये और मौलिक विचारों के साथ पूरी दुनिया को अपने अधिकारों की प्राप्ति के लिए ऐसे अहिंसक आन्दोलनों की सौगात दी है जो आज भी प्रासंगिक बने हुए हैं। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सन्दर्भ में एक मुहावरा चलता था कि मजबूरी का नाम महात्मा गाधी किन्तु आज हम सभ्यता के जिस मोड़ पर खड़े हैं, वहां सत्य और अहिंसा की सफ्लता ने यह सिद्ध कर दिया है कि मजबूरी का नहीं मजबूती का नाम है महात्मा गांधी। विवि मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अभिषेक जैन ने स्वच्छता अभियान के तहत चलाये जा रहे कार्यक्रमों की रूप रेखा प्रस्तुत किया। विशेष रूप से डॉ. पंकज तिवारी के संयोजन में ईएमआरसी द्वारा इस अवसर पर चलाये जा रहे फिल्म समारोह का उल्लेख्य किया गया। स्वच्छता अभियान में विद्यार्थियों हेतु संचालित विभिन्न रचनात्मक प्रतियोगिताओं के विजताओं को विवि सांस्कृतिक परिषद् के समन्वयक डॉ. राकेश सोनी ने कुलपति के समक्ष प्रस्तुत किया और डॉ. सुप्रभा दास, डॉ. रश्मि जैन और डॉ. नवजोत कौर के समन्वयन में कुलपति द्वारा विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किये गए। श्रद्धांजलि कार्यक्रम के तहत संगीत विभाग के शिक्षकों डॉ. अवधेश तोमर एवं डॉ. राहुल स्वर्णकार के मार्गदर्शन में संगीत विभाग विद्यार्थियों द्वारा बापू के भजनों और स्वच्छता अभियान से सम्बन्धित गीतों की प्रस्तुति की गयी।

सफाई मित्रों का किया सम्मान

सागर, देशबन्धु। महापौर संगीता तिवारी एवं निगमायुक्त चंद्रशेखर शुक्ला के निर्देशानुसार अनुसार नगर निगम द्वारा स्वच्छता ही सेवा पखवाडे के अंतर्गत विभिन्न जागरूकता सह क्षमता वर्धन गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है इसी तारतम्य गांधी जयंती पर मधुकरशाह वार्ड में जनप्रतिनिधियों और रहवासी संघ द्वारा वार्ड में सफाई करने वाले सफाई मित्रों का सम्मान किया गया और उनके प्रति आभार व्यक्त किया गया। सम्मान के दौरान वार्ड वासियों ने सफाई मित्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सफाई मित्र भले ही कोई त्यौहार हो या उनके पारिवारिक कार्यक्रम लेकिन वह अपना कार्य लगातार करते रहते हैं, जिसकी बदौलत कॉलोनी, वार्ड शहर, प्रदेश और देश स्वच्छ रहे, इसलिए सफाई मित्रों का कार्य अनवरत जारी रहता है, इसके अलावा नगर के जोनों में भी कई स्थानों पर सफाई मित्रों का सम्मान किया गया। स्वच्छता कर्मियों को दी जाने वाली सुविधाओं का लाभ वितरण कर प्रमाण पत्र प्रदान किया गए।

स्वच्छता रैली साथ श्रमदान किया

सागर, देशबन्धु। केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 4 में स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत सोमवार को विद्यालय के सभी सदस्यों ने विद्यालय और डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय परिसर में सुबह 10 बजे से 1 घंटे के लिए स्वच्छता के लिए श्रमदान किया तथा स्वच्छता रैली का आयोजन किया। इसमें कुछ बच्चे और अभिभावक भी शामिल रहे। स्वच्छता श्रमदान के बाद विद्यालय के प्राचार्य आरएस वर्मा द्वारा सभी को स्वच्छता की लिए शपथ दिलाई गई।

नगर पालिका ने घर-घर जाकर चलाया वोट फॉर बीना अभियान

बीना, देशबन्धु। नगर पालिका परिषद द्वारा मुख्य नगर पालिका अधिकारी के आदेश अनुसार मतदाता जन जागरूकता अभियान चलाया गया एवं 2 अक्टूबर गांधी जयंती के उपलक्ष में घर-घर जाकर वोट फॉर बीना अभियान भी चलाया।

ईएफए पं. रविशंकर विद्यालय में उत्साह पूर्वक मनाया गया स्वच्छ भारत दिवस

शिक्षको एवं विद्यार्थियो ने स्वच्छता अभियान की शपथ ली

सागर, देशबन्धु। गांधी जयंती 2 अक्टूबर के उपलक्ष्य में ईएफए विद्यालय में स्वच्छ भारत दिवस का उत्साह पूर्वक आयोजन किया गया। इस अवसर पर अनिल मिश्रा सेवानिवृत प्राचार्य, मुख्य अतिथि सुधीर तिवारी प्राचार्य उत्कृष्ट उमा विद्यालय विशिष्ट अतिथि आर.आर चौरासिया, डाईट विद्यासागर उपाध्याय, एमके कोष्टी, प्राचार्य अग्निहोत्री, प्राचार्य संतोष प्यासी प्राचार्य विशिष्ट अतिथि उपस्थित थे, सर्वप्रथम महात्मा गांधी एवं श्री शास्त्री की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर छात्राओं को महात्मा गांधी के जीवन मूल्यों को स्वयं जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. महेन्द्र प्रताप तिवारी ने कहा कि सत्य एवं अहिंसा का पथ कठिन अवश्य है लेकिन सफलता एवं लक्ष्य प्राप्ति निश्चित है क्योंकि सच्चाईयों के साथ किया गया कोई भी कार्य स्वप्न को साकार अवश्य करता है जीवन में जो भी करें पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ करें। इसी दौरान स्वच्छता क्लब का गठन किया गया जिसका प्रभारी मीनाक्षी पटैल को बनाया गया। कचरा मुक्त प्रबंधन पर छात्राओं ने निबंध लेखन एवं वाद विवाद प्रतियोगिता में भाग लिया तथा स्लोगन लिखे। स्वच्छता ही सेवा एवं कचरा मुक्त भारत विषय पर छात्राओं ने रंगों के साथ अपने भाव उकेरे। विद्यालय के शिक्षकों द्वारा श्रमदान स्वच्छ सामूदायिक सेवा जैसे विषयों पर महत्व समझाया। संपूर्ण कार्यक्रम की प्रभारी रिंकी राठौर के नेतृत्व में संचालित किये गये। स्वच्छता अभियान का संचालन एवं शपथ डॉ. नाहिद परवीन द्वारा दिलाई गई।

शिक्षको ने की परिसर की सफाई, स्वच्छता अभियान पर छात्राओं ने बनाई पेंटिंग

सागर, देशबन्धु। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जन्मजयंती पर सीएम राइज शास. कन्या उच्च. माध्य. विद्यालय एमएलबी क्र. 1 में प्राचार्य विनय कुमार दुबे के निर्देशन में महात्मा गांधी और लालबहादुर शास्त्री की जयंती विभिन्न कार्यक्रमों के साथ मनाई गई। विनय कुमार दुबे ने बताया कि गांधी, शास्त्री जयंती समारोह के कार्यक्रम हेतु विभिन्न समितियां बनाई गई थी। मुख्य कार्यक्रम के पूर्व एक अक्टूबर को विद्यालय के शिक्षकों ने विद्यालय परिसर की साफ सफाई हेतु श्रमदान किया। छात्राओं ने महात्मा गांधी के भजन वैष्णव जन तो तेरे कहिए से शुरुआत की, इसके पश्चात गांधी जी और शास्त्री जी के जीवन और उनके द्वारा किए गए ऐतिहासिक कार्यों पर आधारित सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें विद्यालय के शिक्षको और छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर प्रश्नों के उत्तर दिए। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के विजेताओं को विद्यालय के प्राचार्य, उप प्राचार्य द्वारा सम्मानित कर पुरस्कार दिए गए। विद्यालय की एनसीसी कैडेट्स ने फर्स्ट ऑफिसर स्मिता मिश्रा के निर्देशन में विद्यालय में साफ सफाई हेतु श्रम दान किया। द्वितीय सत्र में छात्राओं द्वारा गांधीजी और स्वच्छता अभियान पर आधारित चित्रकला प्रतियोगिता में हिस्सा लिया लिया तथा सर्वश्रेष्ठ चित्र बनाने वाली प्रथम तीन छात्राओं को प्राचार्य, उप प्राचार्य द्वारा सम्मानित कर पुरस्कार दिए गए। कार्यक्रम का समापन वैष्णव जन तो तेरे कहिए भजन के साथ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर विद्यालय की उप प्राचार्य डॉ. वंदना खरे ने सभी छात्राओं और शिक्षको को स्वच्छता की शपथ दिलवाई।

सार समाचार

विधायक का वायदा शहर में प्रशिक्षण केन्द्र खोलेंगे

छतरपुर, देशबन्धु। छतरपुर विधायक आलोक चतुर्वेदी पज्जन भैया के द्वारा गांधी जयंती 2 अक्टूबर के अवसर पर मेल-मिलाप एवं सम्मान समारोह अभियान के अंतर्गत छतरपुर विधानसभा क्षेत्र की हजारों महिलाओं का सम्मेलन किया। इस सम्मेलन में स्वसहायता समूहों से जुड़ीं महिलाएं उपस्थित रही। इस मौके पर विधायक आलोक चतुर्वेदी ने क्षेत्र की महिलाओं के लिए एक बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि वे अपने विधानसभा क्षेत्र में समूह से जुड़ीं महिलाओं एवं अन्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए निजी स्तर पर ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में प्रशिक्षण केन्द्र खोलेंगे ताकि महिलाएं विभिन्न उत्पादों का निर्माण कर अपने पैरों पर खड़ी हो सकें। श्री चतुर्वेदी ने कहा कि महात्मा गांधी हमें स्वावलंबी बनाने की शिक्षा देते हैं। महिलाएं अपने घर की मालकिन होती हैं लेकिन वे सही मायने में तभी मालकिन बनेंगी जब स्वयं हुनरमंद होकर आर्थिक रूप से मजबूत होंगी।

रेडक्रॉस की दुकाने तोड़ने पर लगा विराम

छतरपुर, देशबन्धु। छत्रसाल चौक के समीप मौजूद जिला अस्पताल परिसर की 13 दुकानों को तोडक़र इस स्थान पर सौंदर्यीकरण कराए जाने की प्रशासनिक तैयारियों पर पानी फिर सकता है। दो दिन पहले ही प्रशासन ने रेडक्रॉस द्वारा किराए पर दी गईं इन दुकानों के किराएदारों को नोटिस थमाकर दुकानें खाली करने के निर्देश दिए थे। इन नोटिसों को पाकर दुकानदार घबराए हुए थे। अब कुछ दुकानदार हाईकोर्ट से स्टे लेकर आ गए हैं। हालांकि यह स्टे अब तक प्रशासन को प्राप्त नहीं हुआ है। ऐसे में दुकानें टूटेंगी या फिर बचेंगी इस बात को लेकर सस्पेंस बरकरार है।दो अक्टूबर को छुट्टी का दिन होने के बावजूद इन 13 दुकानों के दुकानदारों ने एक बार फिर एसडीएम कार्यालय पहुंचकर स्टे की कॉपी और ज्ञापन सौंपते हुए दुकानों को तोडऩे से मना किया।

चार स्थानों से 7 मशीनें एवं मिक्स गुटखा एवं कच्चा माल पकड़ा

ददरी और बरा गांव में चल रही अवैध फैक्ट्री पर छापा

- कलेक्टर, एसपी ने मौके पर पहुंचे

नौगांव, देशबन्धु। नौगांव थाना क्षेत्र के ददरी गांव में लंबे समय से चल रही अवैध गुटखा फैक्ट्री पर सोमवार गांधी जयंती के दिन प्रशासन ने बड़ी कार्यवाई की है। प्रशासन ने ददरी गांव में तीन अलग अलग स्थानों पर एवं बरा गांव में एक स्थान कर छापामार कार्यवाई करते हुए 7 मशीनें, भारी मात्रा में तंबाखू मिक्स तैयार गुटखा, कच्चा माल, रैपर सहित अन्य सामग्री जप्त करते हुए कार्यवाई की है। मामले की सूचना पर कलेक्टर संदीप जी आर एवं पुलिस अधीक्षक अमित सांघी ने भी मौके पर पहुंचकर कार्यवाई का जायजा लिया।

आगामी विधानसभा चुनाव को निर्विघ्न सम्पन्न कराने और छतरपुर जिले में अवैध गतिविधियों के संचालन को रोकने के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार कार्यवाहियां की जा रहीं है।

सोमवार को कलेक्टर संदीप जीआर एवं पुलिस अधीक्षक अमित सांघी द्वारा दल बल के साथ नौगांव अंतर्गत ग्राम ददरी एवं बरा में अचानक दबिश दी गई। ददरी के 3 स्थानों पर जहां अवैध रूप से गुटखा निर्माण का कार्य चल रहा था। एसडीएम बलवीर रमण, निर्वाचन अधिकारी शिखा माधवानी,तहसीलदार संदीप कुमार तिवारी, एसडीओपी चंचलेश मरकाम, नौगांव थाना प्रभारी सतीश सिंह, फूड इंस्पेक्टर वंदना जैन सहित राजस्व, पुलिस एवं खाद्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने संयुक्त रूप से कार्यवाई करते हुए ददरी गांव में तीन अलग अलग स्थानों पर कार्यवाई करते हुए गुटखा बनाने की पांच मशीनें, 28 बोरी तंबाखू मिक्स तैयार गुटखा,कच्चा माल,गुटखा के पाउच सहित अन्य सामग्री जप्त की है। प्रशासन के द्वारा गुटखा फैक्ट्री पर कार्यवाई के दौरान जिन स्थानों पर छापामार कार्यवाई की गई उसमें तीन स्थानों में से दो स्थानों पर तो शासकीय भवनों में गुटखा निर्माण किया जा रहा था। इसके बाद प्रशासन को टीम ने थाना क्षेत्र के बरा गांव में कार्यवाई की तो प्रशासन की टीम ने यहां खेत में एक घर पर कार्यवाई करते हुए गुटखा बनाने की दो मशीनें, भारी मात्रा में तैयार गुटखा सहित कच्चा माल एवं गुटखा निर्माण में उपयोग होने वाली अन्य सामग्री भी जप्त कर कार्यवाई की है। इस पूरी कार्य वाई में राजस्व, पुलिस एवं फूड विभाग की टीम ने मौके पर 7 मशीने, पैकिंग सामग्री, कच्चा माल एवं गुटखें के पाउच एवं इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटा मौके से बरामद किया गया। कलेक्टर जीआर ने इन अवैध गतिविधियों में लिप्त संबंधित पर जीएसटी, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, सीएमएचओ, श्रम विभाग एमपीईबी एवं राजस्व और पुलिस आदि संबंधित विभागों को निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

इनका कहना है

क्षेत्र में लम्बे समय से अवैध गुटखा फैक्ट्री चल रही थी। राजस्व, पुलिस एवं फूड विभाग के द्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाई की गई है, मशीनें एवं माल जप्त करते हुए कार्रवाई की जाएगी।

संदीप कुमार तिवारी,
तहसीलदार,नौगांव

माता मंदिर के फिर टूटे ताले

बक्सवाहा, देशबन्धु। बक्सवाहा थाना अंतर्गत बीरमपुरा गांव स्थित डॉन माता मंदिर में चोरों ने रविवार की रात फिर से एक चोरी की घटना को अंजाम दिया है। गौरतलब है कि पिछले एक माह पहले भी चोरी की घटना को चोरों ने अंजाम दिया था और माता रानी को चढ़े आभूषण और छत्र चोर ले गए थे जिसका अभी तक खुलासा भी नही हो पाया है। एक बार फिर बीती रात चोरों ने मंदिर में चोरी को अंजाम दे दिया दिया है।

पुजारी ने दी जानकारी : मंदिर के पुजारी राजू पंडा ने बताया कि मंदिर में लगे कुल 30 घंटे चोर ले गए जिनका वजन करीब एक क्विंटल है जिनका मूल्य करीब 70 हजार रूपए है साथ ही दान पेटी के ताले भी तोड़े गए हैं। मगर दान पेटी में लगा लॉक नही टूट सका जिस कारण चडोत्री के पैसे नही गए हैं। परंतु चोरी के बाद बड़े सवाल खड़े हो गए कि महज एक माह पहले ही चोरी हुई थी और पुलिस खुलासा नहीं कर पाई जिसके बाद फिर चोरी हुई है। वहीं बकस्वाहा थाना प्रभारी कृपाल मार्को ने दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुँचकर विवेचना शुरू कर दी है।

इनका कहना है

डॉन माता मंदिर में हुई चोरी की जाँच की जा रही हैं, उक्त चोरी की घटना का जल्द ही खुलासा करेंगे।

कृपाल सिंह मार्को, थाना प्रभारी बक्सवाहा

वृद्धजन दिवस पर तहसीलदार ने मतदान केन्द्रों पर 80 उम्र पार के बृद्धों का किया सम्मान

घुवारा, देशबन्धु। वृद्धजन दिवस पर घुवारा तहसीलदार ऋतु सिंघई द्धारा 80 उम्र पार के बृद्ध जनो का माला व तिलक लगाकर सम्मान किया है । तहसीलदार ने जानकारी देते हुये बताया कि जिला कलेक्टर संदीप जी आर के द्धारा समस्त तहसीलदारो को आदेशित करते हुये कहां कि 1 अक्टूबर वृद्ध दिवस पर मतदान केन्द्र पर बीएलओ के साथ जाकर 80 उम्र से अधिक के महिला एवं पुरूष को मतदान के प्रति जागरूक करने व उनको बृद्धा दिबस पर सम्मान करने के निर्देश दिये है उसी के परिपालन मे आज रविबार को नगर के बीचो बीच अहिरबार धर्मशाला मे बीएलओ मुकेश खरे के साथा जाकर नगर के करीब 100 लोगो की जनचौपाल लगाकर उनकी समस्यो को सुनते हुये साथ ही मतदान के प्रति जागरूक करते हुये 80 उम्र पार के महिला एवं पुरूष को तिलक व माला पहनाकर सम्मान किया बुर्जग लोगो द्धारा सम्मान पाकर बहुत ही खुशी जाहिर की है साथ ही तहसीलदार के प्रेम को देखकर कार्य कार्य कीसराहना की है।

सफाईकर्मियों की हड़ताल ख़त्म, काम पर लौटेंगे

छतरपुर, देशबन्धु। 25 सितम्बर से चल रही सफाईकर्मियों की हड़ताल आखिरकार मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के आश्वासन के बाद स्थगित कर दी गई है। सरकार ने इनकी सभी 9 सूत्रीय मांगों को मान लेने का आश्वासन देते हुए 4 अक्टूबर को भोपाल में सफाईकर्मियों की महापंचायत बुलाने का फैसला किया है। हड़ताल खत्म होने के बाद आज से शहर की सफाई व्यवस्था पटरी पर लौट सकती है।

उल्लेखनीय है कि 25 सितम्बर से जिले भर के सफाईकर्मी हड़ताल पर थे। छतरपुर में ही लगभग 250 सफाईकर्मियों के हड़ताल पर चले जाने के कारण बदतर हालात निर्मित हो गए हैं। पूरे शहर में जगह-जगह कचरे का अंबार लगा हुआ है। सफाईकर्मी अपनी 9 सूत्रीय मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ आर-पार की लड़ाई लडऩे पर आमादा नजर आ रहे थे।

29 सितम्बर को हुई एक बैठक के बाद यह फैसला लिया गया है कि फिलहाल हड़ताल स्थगित की जाएगी। सफाई यूनियन के अध्यक्ष आदित्य बाल्मीक ने कहा कि हमें इस बात का खेद है कि हमारे कारण शहर में गंदगी के हालात निर्मित हुए। उन्होंने कहा कि हम 3 अक्टूबर से ही सफाई व्यवस्थाओं को दुरूस्त करेंगे और शहर को पुन: साफ करेंगे। हड़ताल खत्म होने की खुशी में पूर्व विधायक ललिता यादव, नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चौरसिया, सीएमओ माधुरी शर्मा ने हड़ताल स्थल मेला ग्राउण्ड पर पहुंचकर सफाईकर्मियों को मिठाई खिलाई।

निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का ध्यान रखें : यादव

छतरपुर, देशबन्धु। भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष व छतरपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा की प्रत्याशी श्रीमती ललिता यादव ने सोमवार को शहर के वार्ड क्रमांक 26 में नगर पालिका के तत्वाधान ने कराए जा रहे विकास कार्यों का भूमिपूजन करके शुभारंभ किया।

विधि विधान से भूमिपूजन करते हुए श्रीमति यादव ने कहा कि इस वार्ड में सीसी रोड सहित नाली निर्माण का गुणवत्तापूर्ण तरीके से निर्माण हो इसका खास ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि जब वे नगर पालिका अध्यक्ष थीं तब से लेकर अब तक उनका यही विजन रहा है कि सतत रूप से नगर का विकास कैसे हो। अब नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति बहन के कार्यकाल में जिस तरह से नगर के विकास की नई इबारत लिखी जा रही है उसमें मैं हरसंभव सहयोगी बनी हूं। उन्होंने सीएमओ से खासतौर से निर्माण कार्य की गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखने का आग्रह किया है। वार्ड 26 की पार्षद श्रीमति शकीला अब्बास अली ने इस कार्य को शुरू कराने के लिए सभी का आभार जताया।

इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चौरसिया, सीएमओ माधुरी शर्मा, जयराम चतुर्वेदी, वार्ड 26 की पार्षद शकीला अब्बास अली, भागीरथ पटेल, सुनील वर्मा, नरेन्द्र यादव, नारायण सिंह, अब्बास अली, रवि खरे पूर्व पार्षद, व्यवसाई सुरेन्द्र अग्रवाल सहित नगर पालिका के उपयंत्री व अन्य कर्मचारी और बडी संख्या में वार्डवासी मौजूद रहे।

सामाजिक कुरीतियों को दूर करने निकली राजस्थान की बेटी

- 2500 किलोमीटर की पैदल यात्रा कर करेगी 6 धार्मिक स्थलों के दर्शन

बिजावर, देशबन्धु। राजस्थान के उदयपुर जिले के एक गांव से निकली बेटी सामाजिक कृरीतियों को दूर करने और युवाओं युवतीयों को सकारात्मक संदेश देने के उद्देश्य से 2500 किलोमीटर लंबी पैदल यात्रा का कठिन संकल्प लेकर निकली है। जो सोमवार को बिजावर पहुंची। राजस्थान की बेटी विमला ने बताया कि वह समाज में व्याप्त कुरीतियों से बहुत दुखी हैं बहुत सारे लोग पवित्र संस्कार विवाह के बाद छोटी-छोटी बातों को लेकर अलग हो जाते हैं लेकिन वह अपने परिवार के सुख- दुख के बारे में नहीं सोचते। उन्होंने बताया कि आज समाज को जरूरत है कि अपने बेटा-बेटियों को संस्कारों के साथ शिक्षित करें। ऐसी ही कामना को लेकर उन्होंने 12 अगस्त को अपने गृह जिले से यह यात्रा शुरू की थी। जो अब बुंदेलखंड के प्रसिद्ध श्री बागेश्वर धाम पहुंच रही है। इसके पूर्व वह उज्जैन के महाकाल, ओम कालेश्वर के ज्योतिर्लिंग और इंदौर के खजराना मंदिर में दर्शन कर समाज की कुरीतियों को दूर करने की अर्जी लगा चुकी हैं। बागेश्वर धाम में दर्शन के पश्चात वह दो अन्य प्रसिद्ध धामों मे काशी बनारस के शिव बाबा पहुंचेगी और इसके बाद उनकी यह 2500 लंबी पदयात्रा लगभग 3 महीने से अधिक समय तक चलने के बाद उत्तराखंड के मां मंशा देवी के दर पर पहुंच कर संपन्न होगी।

धर्म के साथ समाज को सकारात्मक संदेश देने के उद्देश्य से निरंतर चल रही यह बेटी अपने लक्ष्य को लेकर अडिग हैं और लगातार अपने लक्ष्य को निर्धारित कर पदयात्रा कर चल रही हैं। उनका मानना है कि समाज में छोटी-छोटी बातों को लेकर विवाद ना हो और ना ही लोग अपने परिवारों से दूरी बनाएं। ईश्वर ऐसी सभी को सद्बुद्धि दें। उन्होंने बताया की यात्रा संपन्न होने के बाद वह अपनी गृह जिले पहुंचकर बृहद स्तर पर सामाजिक लोगों के सहयोग से जागरूकता कार्यक्रम चलाएंगी। बिजावर में उनकी पदयात्रा के प्रवेश पर धार्मिक लोगों ने उत्साह से स्वागत किया और उनकी इस यात्रा के लिए मंगलकामनाएं की।

गांधी जयंती के अवसर पर बापू महाविद्यालय में चलाया स्वच्छता अभियान

नौगांव, देशबन्धु। गांधी जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत शासकीय महाविद्यालय में स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया। जिसके तहत महाविद्यालय में छात्र छात्राओं के द्वारा साफ सफाई कर परिसर को स्वच्छ किया गया।

शासकीय बापू महाविद्यालय में सोमवार को गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई नौगांव के द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वच्छता ही सेवा संकल्प के तहत महाविद्यालय के प्राचार्य भारतेंदु पटेरिया एवं कार्यक्रम अधिकारी सहित राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने इस कार्यक्रम में बढ़कर हिस्सा

लिया। इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी मीनाक्षी सिंह, संतोष कुमार रजक ने बताया कि गांधी जयंती के अवसर पर महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता का महाअभियान चलाया जा रहा है। जिसमें महाविद्यालय परिसर में स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा के आसपास साफ सफाई कर सर्वप्रथम बापू की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए बापू को श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। तत्पश्चात पूरे महाविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं सहित महाविद्यालय स्टाफ ने भी स्वच्छता अभियान में भाग लेकर साफ सफाई का कार्य संपन्न किया है। इस दौरान महाविद्यालय का समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थी मौजूद रहे है।

वैश्य चेतना रैली निकाली गई

छतरपुर, देशबन्धु। महात्मा गांधी जी की जन्म जयंती पर वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष उमाशंकर गुप्ता एवं प्रदेश महामंत्री गोविंद दास असाटी, संभागीय अध्यक्ष अजय गुप्ता के आवाहन पर एवं जिला प्रभारी अभिषेक राय, जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र गुप्ता, युवा जिलाध्यक्ष राज गुप्ता, प्रकाश जैन, आनंद अग्रवाल के नेतृत्व में वैश्य महासम्मेलन जिला इकाई के वैश्य बंधुओं के द्वारा धूमधाम से वैश्य चेतना रैली निकाली गई। वैश्य महासम्मेलन जिला इकाई के कार्यकारी अध्यक्ष गिरजा पाटकर ने बताया की यह रैली रामचरितमानस प्रांगण से प्रारंभ हुई जो चौक बाजार, महल रोड, छत्रसाल चौराहा, आकाशवाणी तिराहा, बस स्टैंड होते हुए वापिस चौक बाजार पर समाप्त हुई।

जगह जगह रैली का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया

इस रैली का मुख्य उद्देश्य हमारे महापुरुषों को याद कर वैश्य महासम्मेलन के अंर्तगत 373 घटकों को एकजुट करना, वैश्य बंधुओ पर हो रहे शोषण को रोकना है। इस अवसर पर वैश्य महासम्मेलन के जय नारायण अग्रवाल, विमल जैन, प्रेम रूसिया, सुमति प्रकाश जैन, दिलीप अग्रवाल, गिरजा पाटकर, राजेंद्र अग्रवाल, उमेश अग्रोहा, द्वारका असाटी, अंचल जैन, लाले शिवहरे, जयकुमार गुप्ता, कुंज बिहारी सोनी, जय कुमार जैन, विजय अग्रवाल, जीतेंद्र जैन, सुरेन्द्र साहू, भोला साहू, सीता राम असाटी, मनीष गुप्ता, पवन गुप्ता, सुरेन्द्र टिकरिया, रिंकू असाटी, सौरभ सोनी, लालू गुप्ता, मनोज जैन, पंकज गंधी, विकास गुप्ता, दीपू गुप्ता, मिंटू जैन, अमन गुप्ता, ईशान गुप्ता, उमेश सहित सैकड़ों की संख्या में वैश्य बंधु एवं वैश्य महासम्मेलन जिला इकाई के तहसील महाराजपुर मथुरा प्रसाद चौरसिया, बली भैया, मुन्नी नेताजी नोगाव, अतुल गुप्ता, शंकर साहू के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

प्रभात फेरी निकाल कर दिया स्वच्छता का संदेश

छतरपुर, देशबन्धु। *महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के उपलक्ष्य में स्थानीय गांधी आश्रम में सबसे पहले सुबह एक प्रभात फेरी और प्रार्थना का आयोजन किया गया। इसके पश्चात 10:30 बजे से विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ जिसमें विधायक आलोक चतुर्वेदी मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। सबसे पहले उन्होंने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके पश्चात विधायक निधि से बने 5 लाख की लागत के टीन शेड का उद्घाटन भी किया। यह टीन शेड गौशाला के लिए भूसा आदि रखने के उद्देश्य से निर्मित किया गया है।*

इसके पश्चात वे मंचीय कार्यक्रम में शामिल हुए जहां पर सर्वप्रथम महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण किया गया। सबसे पहले महर्षि विद्या मंदिर के स्टाफ और निर्वाना फाउंडेशन की दिव्यांग छात्राओं के द्वारा महात्मा गांधी के प्रिय भजनों की प्रस्तुति दी गई। इसके पश्चात विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने महात्मा गांधी पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों को प्रस्तुत किया। सत्य शोध आश्रम के बच्चों के द्वारा भी एक लघु नाटिका प्रस्तुत की गई।

अपने उद्बोधन में विधायक आलोक चतुर्वेदी ने कहा कि गांधी परिवार के सभी सदस्य बधाई के पात्र हैं कि उन्होंने न सिर्फ गांधी के विचार को जीवित रखा हुआ है बल्कि उनके बताए गए मार्ग पर लगातार चल रहे हैं। महात्मा गांधी ने सत्य अहिंसा के साथ-साथ सर्वधर्म समभाव का जो संदेश दिया उसकी आज सबसे ज्यादा आवश्यकता है। इसके पश्चात उन्होंने गांधी आश्रम में संचालित लाइब्रेरी का भी निरीक्षण किया और इसे एक बेहतर पहल बताया। आयोजन में गांधी आश्रम की सचिव दमयंती पाणी, अंकित मिश्रा कृष्ण कुमार मिश्रा, वरिष्ठ गांधीवादी प्रेम नारायण मिश्रा, शंकर लाल सोनी, सुमति प्रकाश जैन, शिवेंद्र शुक्ला, बॉबी तिवारी अभिजीत सुहाने सहित नगर के गण्यमान्य नागरिक और स्कूल के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

सागर, मंगलवार 3 अक्टूबर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. माया राम सुरजन

पुरानी पेंशन योजना लागू करे केन्द्र

पुरानी पेंशन योजना को लागू करने की मांग को लेकर रविवार को दिल्ली के रामलीला मैदान में शासकीय कर्मचारियों का विशाल प्रदर्शन आयोजित किया गया था जिसमें 20 राज्यों के लाखों कर्मचारी शामिल हुए। इसका आयोजन नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम (एनएमओपीएस) के तत्वावधान में किया गया था। 'पेंशन शंखनाद महारैली' के नाम से आयोजित इस रैली का उद्देश्य मौजूदा राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस) के बजाय पुरानी पेंशन योजना को लागू करने के लिए केंद्र पर दबाव बनाना था। इतनी विशाल संख्या में हुए प्रदर्शन से साफ है कि कर्मचारियों का रुझान पुरानी पेंशन योजना की ओर है और उसे नयी पेंशन योजना बिलकुल रास नहीं आ रही है। इसे देखते हुए केन्द्र सरकार पुरानी योजना को फिर से लागू करना चाहिये क्योंकि वही कर्मचारियों के पसंद की है और उनके हित में भी।

वैसे तो इस मसले को राजनैतिक दृष्टिकोण से नहीं देखना चाहिये लेकिन यह सच है कि नयी योजना को भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र सरकार व उसके शासित ज्यादातर राज्यों की सरकारों का समर्थन है। दूसरी तरफ जहां गैर भाजपायी सरकारें हैं और उन राज्यों के कर्मचारी हैं, वे पुरानी स्कीम चाहते हैं। राजस्थान, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश, झारखंड और पंजाब में तो इसे लागू करने का फैसला भी लिया जा चुका है। रविवार को एकत्र हुआ कर्मचारियों का हुजूम बतलाता है कि यह मुद्दा न केवल इस साल होने जा रहे पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों पर बल्कि 2024 में निर्धारित लोकसभा चुनावों पर भी असर करेगा।

उल्लेखनीय है कि 2004 में यूपीए की सरकार ने पुरानी योजना की जगह पर नई पेंशन योजना (एनपीएस) लागू की थी जो शेयर बाजार और अन्य निवेशों पर आधारित है। शेयर बाजार की स्थिति के आधार पर रिटर्न का भुगतान होता है। पुरानी पेंशन स्कीम (ओपीएस) में सेवानिवृत्ति के समय अंतिम मूल वेतन (बेसिक सैलरी) के 50 फीसदी तक निश्चित पेंशन मिलती है। एनपीएस में रिटायरमेंट के समय निश्चित पेंशन की कोई गारंटी नहीं होने से यह कर्मचारियों की पसंद नहीं रह गयी है। पुरानी पेंशन योजना में कर्मचारियों के वेतन से कोई कटौती नहीं होती थी जबकि एनपीएस में कर्मचारियों के वेतन से 10 फीसदी की कटौती होती है। इतना ही नहीं, नई पेंशन स्कीम में ग्रेच्युटी प्राविडेंट फंड उपलब्ध नहीं है। पुरानी पेंशन स्कीम में यह सुविधा कर्मचारियों को मिलती है। पुरानी पेंशन योजना के और भी कई फायदे हैं। ओपीएस में रिटायर होने के बाद कर्मचारियों को चिकित्सा भत्ता और मेडिकल बिलों की सुविधा भी दी जाती है और सेवानिवृत्त कर्मचारियों को 20 लाख रुपये तक की ग्रेजुएटी की रकम भी मिलती है। इस योजना के तहत कर्मचारी को सेवानिवृत्ति के समय की तनख्वाह की आधी राशि के बराबर की पेंशन मिलती है जिसका निर्धारण तत्कालीन वेतनमान एवं महंगाई सूचकांक के अनुसार होता है। साथ ही, कर्मचारी की मौत होने पर यह राशि उसके परिजनों को दी जाती है।

इस तरह देखें तो वर्तमान परिस्थितियों में यही पेंशन स्कीम कर्मचारियों के व्यापक हित में है। तत्कालीन सरकार ने जब इसे बन्द किया था तब का आर्थिक परिदृश्य काफी अलग था। देश की अर्थव्यवस्था बड़ी ऊंचाइयों पर थी। 1991 में आई नयी अर्थप्रणाली ने कार्पोरेट जगत को गतिशील बना दिया था जिसमें शेयर बाजारों में किया गया निवेश शर्तिया तौर पर फायदेमंद साबित होता था। 2008 की विश्वव्यापी आर्थिक मंदी ने निजी सेक्टर को काफी कमजोर किया था, बावजूद इसके कि भारत पर मंदी का बड़ा असर नहीं पड़ा था, लेकिन शेयरों में निवेश करना जोखिम पर आधारित अधिक हो चला था। 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बनी भारतीय जनता पार्टी की सरकार के अदूरदर्शितापूर्ण निर्णयों से भारत की अर्थव्यवस्था मुट्ठी भर कारोबारियों के लिये ही फायदेमंद रह गई है। पहले उद्योग-धंधों का स्वरूप विकेन्द्रित था। अब कुछ ही लोगों के शेयर उछाल मारते दिखते हैं जबकि ज्यादातर कम्पनियों के शेयरों में निवेश करना फायदे की गारंटी नहीं रह गई है। पुरानी पेंशन व्यवस्था की मांग करना एवं नयी योजना को नकारना दरअसल निवेश बाजार की गिरती साख का प्रतीक है। कर्मचारियों को पेंशन उनकी उम्र भर की कड़ी मेहनत से अर्जित की हुई होती है जिस पर उसकी सामाजिक सुरक्षा का पूरा भार होता है। इसी पेंशन के बल पर वे अपने बचे सपनों को पूरा करते हैं। बची आयु की रोजी-रोटी का जुगाड़ उसकी पेंशन से ही होता है और उसकी मृत्यु के बाद उसकी विधवा एवं नाबालिग बच्चों का भरण-पोषण भी इसी के जरिये सम्भव है। इस मुद्दे को इस लिहाज से नहीं देखा जाना चाहिये कि इसे किसने लागू किया या बन्द किया। इसका सम्बन्ध लाखों शासकीय कर्मचारियों के जीवन से जुड़ा हुआ है।

कुछ अरसा पहले राजस्थान में पुरानी पेंशन की बहाली का ऐलान सर्वप्रथम हुआ जिसका वहां के कर्मचारियों ने दिल से स्वागत किया है। हिमाचल प्रदेश के कर्मचारी भी इससे खुश हैं। छत्तीसगढ़ में भी यही स्थिति है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पुरानी स्कीम का समर्थन करते हुए केन्द्र सरकार से निवेदन किया है कि दिल्ली के कर्मचारियों को पुरानी योजना के अनुसार पेंशन देने का ऐलान करे। कर्मचारियों की मांग जायज है अत: केन्द्र सरकार को चाहिये कि उनकी इच्छा के अनुरूप पुरानी पेंशन योजना बहाल करे। देखना होगा कि सामान्य रूप से जायज मांगों को पूरा करने में अपनी हेठी समझने वाली मोदी सरकार इस बार कर्मचारियों की बात मानती है या नहीं। उन्हें इस पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करना चाहिये। इससे राजकोष पर भार तो बढ़ेगा लेकिन कर्मचारियों के व्यापक हित में उसे इस पहलू पर ध्यान नहीं देना चाहिये।

भारत-कनाडा बिगाड़ : सावधान, आगे खाई है!

अक्सर कहा जाता है कि किसी देश की विदेश नीति, उसकी घरेलू नीति का ही विस्तार होती है। लेकिन, हरेक सामान्यीकरण की तरह, इस सूत्र में भी एक हद तक ही सच्चाई है। भारत और कनाडा के रिश्तों में ताजा बिगाड़ के सिलसिले में इस सच्चाई को याद रखना और भी जरूरी है। आखिरकार, कहा-सुनी के ताजा चक्र में कनाडा और भारत, एक-दूसरे पर विदेशी नीति के कदमों से, घरेलू तुच्छ राजनीतिक हित साधने के ही तो आरोप लगा रहे हैं। अगर भारत सरकार, कनाडा की ट्रूडो सरकार पर, अपने राजनीतिक लाभ के लिए, कनाडा को आधार बनाकर खासतौर पर भारत में आतंकवाद को बढ़ावा देने में लगे, खालिस्तान समर्थकों के प्रति नरमी बरतने से लेकर उन्हें संरक्षण देने तक के आरोप लगा रही है, तो दोनों देशों के रिश्तों में मौजूदा बिगाड़ आया ही ट्रूडो के अपने देश की संसद में खड़े होकर यह आरोप लगाने के बाद आया है कि कनाडा निवासी किंतु भारत में आतंकवाद के लिए वांछित, खालिस्तान समर्थक नेता, निज्जर की हत्या में, भारतीय एजेंसियों का हाथ लगता है।

विदेश नीति के कदमों से सीधे-सीधे घरेलू राजनीतिक स्वार्थ साधे जाने के आरोपों के बाद, मामला सिर्फ कहा-सुनी तक सीमित नहीं रह सकता था और नहीं रहा है। ट्रूडो के संसद में उक्त आरोप लगाने के बाद ही, कनाडा ने सुरक्षा मामलों से जुड़े भारत के एक शीर्ष राजनयिक अधिकारी को निष्कासित भी कर दिया तथा बात और भी बिगाड़ते हुए, उसका नाम मीडिया में लीक भी कर दिया। जवाब में भारत ने भी, आरोपों को सिरे से खारिज करने के साथ ही, कनाडा के एक राजनयिक को इसी प्रकार निष्कासित कर दिया। दोनों ओर से एक-दूसरे देश के लिए प्रतिकूल ट्रेवल एडवाइजरी जारी किए जाने के एक चक्र के बाद, अंतत: भारत ने कनाडा के लिए वीजा सेवाओं पर भी रोक लगा दी है। उसके ऊपर से कनाडा पर कूटनीतिक सुविधाओं के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए, उसे भारत में अपने मिशन को सिकोड़ने के लिए भी कह दिया गया।

दुर्भाग्य से, भारत के इस 'मुंह तोड़' जवाब के बाद भी, कनाडा के पांव पीछे खींचने और तनाव में कमी के, कोई आसार नजर नहीं आ रहे हैं। उल्टे इस बीच कनाडा ने निज्जर मामले में अपने आरोपों पर यह कहकर जोर और बढ़ा दिया है कि उसके पास भारतीय कूटनीतिज्ञों के संवादों के रूप में खुफिया जानकारियां हैं, जो संदेहों को पुख्ता करती हैं। इस दौरान उसने यह कहकर कि ये साक्ष्य उसे फाइव आईज़ नाम की, पांच पश्चिमी देशों की साझा खुफिया व्यवस्था में शामिल एक अन्य देश के जरिए हासिल हुए हैं, इस मामले में अमेरिका समेत अन्य पश्चिमी ताकतों को भी खींच लिया है। फाइव आईज़ में अमेरिका तथा कनाडा के अलावा यूके, आस्ट्रेलिया तथा न्यूजीलैंड भी शामिल हैं। भारत की मुश्किलें बढ़ाते हुए, अमेरिका समेत इन पश्चिमी ताकतों ने भी इन खुफिया जानकारियों को आम तौर पर स्वीकार ही किया है और कनाडा के आरोपों को गंभीर बताते हुए, भारत से जांच में सहयोग करने का ही आग्रह किया है। अब तक यह भी एक प्रकार से साफ ही हो चुका है कि ट्रूडो जिन खुफिया जानकारियों की दुहाई दे रहे हैं, वास्तव में फाइव आईज़ के हिस्से के तौर पर खुद अमेरिका द्वारा ही मुहैया कराई गई थीं।

जाहिर है कि यहां आकर यह विवाद, महज भारत-कनाडा विवाद नहीं रह गया है बल्कि कहीं बड़ा रूप ले चुका है। वास्तव में इस विवाद के ट्रूडो के संसद के बयान के जरिए सार्वजनिक होने के बाद से, यह जानकारी भी सामने आ चुकी है कि इससे पहले से कनाडा, भारत के साथ यह मामला उठा रहा था। यहां तक कि जी-20 के दौरान, विशेष रूप से मोदी-ट्रूडो की उप-वार्ताओं में न सिर्फ यह मुद्दा उठा था बल्कि उसे पर तीखे मतभेद भी सामने आए थे। इतना ही नहीं, उसी दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने भी इस मामले में हस्तक्षेप किया था और भारत तथा कनाडा के बीच बात बिगड़ने से बचाने की कोशिश की थी। बहरहाल, इस विवाद के सामने आने के बाद से पश्चिमी ताकतों का आम तौर पर जो रुख देखने को मिल रहा है, उससे इतना तो साफ ही है कि भारत उनसे, बीच-बचाव कराने से ज्यादा मदद या समर्थन की उम्मीद नहीं कर सकता है।

राजेन्द्र शर्मा

कनाडा के खिलाफ खालिस्तानी आतंकवाद के प्रति नरमी से लेकर, उसका राजनीतिक फायदा उठाने तक के भारत के आरोप, मुंहतोड़ जवाब के लिए सरकार के घरेलू समर्थकों से तालियां भले बजवा लें, पर कनाडा को अलग-थलग करने और भारत के लिए समर्थन जुटाने के लिए, खास मददगार नहीं हैं। उल्टे ऐसा लगता है कि इस मामले में भारत की एक कमजोरी ही पश्चिम के हाथ लग गई है।

इसे देखते हुए, कनाडा के खिलाफ खालिस्तानी आतंकवाद के प्रति नरमी से लेकर, उसका राजनीतिक फायदा उठाने तक के भारत के आरोप, मुंहतोड़ जवाब के लिए सरकार के घरेलू समर्थकों से तालियां भले बजवा लें, पर कनाडा को अलग-थलग करने और भारत के लिए समर्थन जुटाने के लिए, खास मददगार नहीं हैं। उल्टे ऐसा लगता है कि इस मामले में भारत की एक कमजोरी ही पश्चिम के हाथ लग गई है, जिसका वह भारत को और दबाकर अपने खेमे में बांधे रखने के लिए इस्तेमाल करने में संकोच नहीं करेगा। कहने की जरूरत नहीं है कि मोदी राज में भारत में जिस तरह वास्तविकता में कानून का राज कमजोर हुआ है और एन्काउंटर से लेकर बुलडोजर तक के 'न्याय' को बढ़ावा दिया जा रहा है, उसने शेष दुनिया की नजरों में ''यह भारत की नीति नहीं है'' के हमारे खंडनों की साख को बहुत घटा दिया है। इज़रायल की मोसाद जैसी एजेंसियों की इसी तरह की कार्रवाइयों को वर्तमान भारतीय शासन किस तरह अनुकरणीय उदाहरण की तरह देखता है, जाहिर है कि यह भी बाकी दुनिया से छुपा हुआ नहीं है। लेकिन, यह किसी को नहीं भूलना चाहिए कि इज़रायल, पश्चिमी ताकतों के समर्थन के बल पर ही, दूसरे देशों की धरती पर अपने विरोधियों को खत्म या लिक्विडेट करने की कार्रवाइयां जारी रखे सका है। और सब कुछ के बावजूद भारत, पश्चिमी ताकतों के वैसे अकुंठ समर्थन की उम्मीद नहीं कर सकता है, जैसा समर्थन जाहिर है कि पश्चिम के अपने ही घरेलू राजनीतिक नीतिगत कारणों से, इज़रायल को सहज उपलब्ध है।

इन हालात में भारत को सरकार के घरेलू समर्थकों को संतुष्ट करने के लिए जैसे को तैसा जवाब देने के लालच में फंसने के बजाय, बारीक तथा धीरज की मांग करने वाले, कूटनीतिक तरीकों से ही रिश्तों की इस उलझी हुई गांठ को खोलने की कोशिश करनी चाहिए। कनाडा के लिए वीजा सेवाएं बंद करने जैसे कदम, ऐसी ही जवाबी प्रतिक्रिया के साथ, टकराव को और बढ़ाने के अलावा, कनाडा में रह रही भारतीय मूल के लोगों की खासी आबादी के लिए और कनाडा पढ़ने जाने वाले छात्रों की विशाल संख्या के लिए भी, परेशानी बढ़ाने का ही काम करेंगे। याद रहे कि पिछले साल कनाडा ने तीन लाख से ज्यादा भारतीयों के लिए वीजा दिए थे और भारत ने उससे थोड़े ही कम कनाडावासियों के लिए। इस विशाल संख्या को, बिगड़े रिश्ते की गांठ को खोलने के साधन के रूप में इस्तेमाल करने में ही समझदारी है, न कि उसे गुरुगांठ में तब्दील करने का बहाना बनाने में।

इधर देश के अंदर, कनाडा स्थित नामित खालिस्तान समर्थक आतंकवादी, गुरुपतवंत सिंह पन्नू की पंजाब स्थित संपत्तियों को जब्त करने के फौरन बाद, राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी (एनआइए) ने अपनी कार्रवाइयों का दायरा और बढ़ाया है। उसने कनाडा, अमेरिका, यूएई, आस्ट्रेलिया आदि में जमे, ऐसे 19 वांछितों की सूची जारी कर, उनके ओसीआई कार्ड रद्द कराने की तथा उनकी भारत स्थित संपत्तियों की पहचान से शुरू कर, आर्थिक मुश्कें कसने की कार्रवाइयां शुरू कर दी हैं। ये कार्रवाइयां सबसे पहले तो इन सभी के लिए भारत के दरवाजे बंद करेंगी। ये कार्रवाइयां चूंकि मूलत: अपने बचाव की कार्रवाइयां हैं, इसलिए इन पर अगर कोई वास्तविक सवाल उठ सकता है तो यही कि ये कदम पहले ही क्यों नहीं उठा लिए गए? जहां तक विदेश में शरण लिए बैठे खालिस्तान का प्रचार करने वालों का सवाल है, सीधे उन पर इन कदमों का खास असर तो शायद नहीं पड़े, पर ये कदम कम से कम उन्हें शरण देने वाले देशों के सामने भारत की चिंताओं की गंभीरता को तो रेखांकित करेंगे ही और उनकी भारतविरोधी गतिविधियों पर कुछ अंकुश लगाने का भी काम कर सकते हैं।

फिर भी इस सिलसिले में यह याद रखना चाहिए कि भारत में खालिस्तानी आतंकवाद-विरोधी सक्रियता, सिर्फ कनाडा आदि में बैठे खालिस्तान समर्थकों पर घेरा कसने का काम ही नहीं करेगी, वह खुद हमारे देश में खालिस्तान समर्थकों को पब्लिसिटी मुहैया कराने का भी काम करती है। दूसरे शब्दों में इस मामले में अनुपात तथा संयम का सहारा लेना इसलिए और भी जरूरी है कि कहीं भेड़िया आया, भेड़िया आया का शोर मचाने के चक्कर में, भेड़िये को न्यौत ही नहीं लिया जाए और पंजाब में, जहां अब तक खालिस्तानी आतंकवाद का शायद ही कोई समर्थन है, वास्तव में यह समस्या खड़ी ही नहीं हो जाए। यही इस मामले में विदेश नीति को संकीर्ण घरेलू नीति का विस्तार बनाने का, सबसे बड़े खतरा है। पंजाब में आतंकवाद के दौर तथा पंजाब के आतंकवाद की समस्या से उबरने के संघर्ष के अनेक प्रेक्षक, यह याद दिलाते हैं कि जिस तरह आतंकवाद की समस्या को विस्फोटक रूप दिलाने में, आतंकवाद-विरोधी छद्म युद्ध के तत्कालीन शासकों के कदमों की महत्वपूर्ण भूमिका रही थी, उसी प्रकार मौजूदा शासन का अनुपातहीन सिख-आतंकवाद विरोधी गर्जन-तर्जन, आतंकवाद को पुनर्जीवित करने में ही मददगार हो सकता है। याद रहे कि मौजूदा शासन को, सिख आतंकवाद का हौवा दिखाकर, उसके विरोध के बहाने हिंदुत्ववादी सांप्रदायिक गोलबंदी को आगे बढ़ाना नागवार नहीं होगा। यह भी याद रहे कि सबसे बढ़कर सिख आतंकवाद/खालिस्तान समर्थकों की गतिविधियों के संदर्भ के चलते, पिछली सदी के सत्तर के दशक से ही भारत और कनाडा के संबंध काफी खुरदुरे बने रहे थे और पिछले एक-डेढ़ दशक में ही उनमें सुधार हुआ था।

अब्दुर्रहीम खानखाना उर्फ रहीमदास ने कहा है:

''रहिमन देख बड़ेन को, लघु न दीजिए डार।
जहां काम आवै सुई, कहा करै तलवार।''

यह नहीं भूलना चाहिए कि कूटनीति का क्षेत्र, सुई का क्षेत्र है, वहां तलवार चलाना, काम बिगाड़ ही सकता है। बहरहाल, विदेश मंत्री जयशंकर, हाल के संयुक्त राष्ट्र संघ तथा अमेरिका के दौरे के आखिर तक, जिस तरह के सुर की ओर बढ़ते नजर आए, उससे कुछ उम्मीद बनती है कि वर्तमान भारतीय शासन भी अब तक इस विवाद ने जो रूप लिया है, उस पर शेष दुनिया की प्रतिक्रिया से सबक लेकर, यहां से टकराव की जगह, समाधान का ही रास्ता तलाश करेगा।

(लेखक सामाहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं।)

स्वामीनाथन ने भारत को खाद्यान्न मांगने वाले देश से निर्यातक देश में बदल दिया

■ तीर्थंकर मित्र

हरित क्रांति के वास्तुकार मनकोम्बु संबाशिवम स्वामीनाथन के लिए हरा जीवन का रंग था, जिसने भारत की छवि को भीख मांगने के कटोरे से अन्न भरी टोकरी में बदल दिया। एम एस स्वामीनाथन के मन में जीवन पर्यन्त आखिरी सांस तक यह धारणा बनी रही कि भूख गरीबी का सबसे खराब रूप है।

विचारों और विचारधारा के व्यक्ति, स्वामीनाथन ने चावल और गेहूं की उच्च उपज देने वाली किस्मों को विकसित करने के लिए साथी वैज्ञानिक नॉर्मनबोरलॉग और अन्य के साथ सहयोग किया। इन उत्कृष्ट कृषि वैज्ञानिकों के कार्य के लिए इससे अधिक उपयुक्त समय पर फलीभूत होने वाला और क्या हो सकता था, क्योंकि तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने बड़े पैमाने पर उभर रहे खाद्य संकट से निपटने के लिए राष्ट्र से एक दिन का भोजन छोड़ने का आह्वान किया था।

कृषि उत्पादन में लंबी छलांग वास्तव में समय की मांग थी। विदेशों से भोजन की सहायता से जुड़े तार दृष्टि में थे,लेकिन जल्द ही यह प्रक्रिया भोजन के साथ बेड़ियों में बदलने की धमकी दे रही थी। लेकिन समय के साथ, वह आदमी आया। स्वामीनाथन के काम ने भारतीय कृषि में क्रांति ला दी, जिससे देश को अकाल से निपटने और खाद्य उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल करने में मदद मिली।

देश को खाद्य संकट से उबारने के लिए शास्त्री के पास स्वामीनाथन से बेहतर कोई कप्तान नहीं हो सकता था। सामने आई चुनौती का जवाब देना केरल विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रों के लिए कोई त्वरित प्रतिक्रिया नहीं थी।

1943 के मानव निर्मित बंगाल अकाल से बहुत स्वामीनाथन बहुत प्रभावित हुए, जिसके परिणामस्वरूप 30 लाख लोगों की मृत्यु हो गई थी। उस समय वह केरल विश्वविद्यालय के छात्र थे। उन्होंने गरीब किसानों को अधिक उत्पादन करने में मदद करने के लिए कृषि अनुसंधान का उपयोग करने का मन बनाया था। अनजाने में, वह उस व्यक्ति के शब्दों को लागू करने का निर्णय ले रहे थे जिन्होंने देश के पहले प्रधानमंत्री के रूप में कहा था-'कृषि इंतजार नहीं कर सकती।'

कृषि उत्पादन में लंबी छलांग वास्तव में समय की मांग थी। विदेशों से भोजन की सहायता से जुड़े तार दृष्टि में थे,लेकिन जल्द ही यह प्रक्रिया भोजन के साथ बेड़ियों में बदलने की धमकी दे रही थी। लेकिन समय के साथ, वह आदमी आया। स्वामीनाथन के काम ने भारतीय कृषि में क्रांति ला दी, जिससे देश को अकाल से निपटने और खाद्य उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल करने में मदद मिली।

हालांकि स्वामीनाथन का राजनीति से कोई लेना-देना नहीं था, लेकिन उन्हें जल्द ही यह एहसास हो गया कि भारत में कृषि को अकाल और ग्रामीण आजीविका दोनों से लड़ने के लिए हथियार बनाया जाना चाहिए। उनके साथ काम करने वाले लोगों के साथ मिलकर उनके प्रयासों से चार फसल मौसमों में देश की फसल की पैदावार 120 लाख टन से लगभग दोगुनी होकर 230 लाख टन हो गई।

उपरोक्त आंकड़ों का अक्सर उपहास किया जाता है। लेकिन तथ्य यह है कि इससे अनाज आयात पर देश की निर्भरता ख़त्म हो गई। चीजों की उपयुक्तता में, स्वामीनाथन को उच्च उपज वाले गेहूं और चावल की किस्मों को पुरस्कृत करने में उनकी भूमिका के लिए पहली बार विश्व खाद्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। भारत की अर्थव्यवस्था और स्थिति को बदलने वाले वैज्ञानिक को मैग्सेसे, पद्म श्री, पद्म भूषण और पद्म विभूषण सहित कई सम्मानों से नवाजा गया, लेकिन भारत रत्न नहीं। शायद उनकी उपलब्धियां इस कसौटी पर खरी नहीं उतरीं और न ही उनकी लॉबी इतनी मजबूत थी।

अगर तत्कालीन महत्वपूर्ण व्यावहारिकता की बात करें तो स्वामीनाथन की विजय अधिक उर्वरक और पानी के अनुप्रयोग के प्रति उत्तरदायी नये सामान्य उपभेदों या 'पौधे के प्रकार' की क्षमता को पहचानने में निहित है। यह याद रखने की जरूरत है कि उनके पास भाखड़ा नांगल बांध और दामोदर घाटी निगम की सुविधाएं थीं। स्वामीनाथन कृषि विज्ञान के नवीनतम विकास से अवगत थे। इसके साथ-साथ उनकी क्षमता भी थी, जो पूरे देश में फसल क्षेत्रों में अपनी रणनीतिक दृष्टि को वास्तविकता में बदलने के लिए नौकरशाही कठोरता और राजनीतिक प्रतिष्ठान के माध्यम से काम करने वाले वैज्ञानिकों के समूह के बीच दुर्लभ थी।

भारतीय कृषि क्षेत्र आज बेहतर स्थिति में है। लेकिन अभी एम एस स्वामीनाथन जैसे व्यक्तित्व का अभाव है जो मिशनरी उत्साह के साथ कृषि क्षेत्र के लिए रणनीतिक उद्देश्यों का पालन करेगा।

किसी को सी सुब्रमण्यम और बीशिव रामकृष्णन जैसे मंत्रियों और नौकरशाहों को उनका हक देना चाहिए जो वैज्ञानिक राय को महत्व देते थे और साहसिक निर्णय ले सकते थे। बोरलॉग के मैक्सिकन गेहूं के 18,000 टन बीजों का आयात करना एक ऐसा निर्णय था जिसका उल्लेख किया जाना चाहिए। स्वामीनाथन नहीं रहे, लेकिन उनके विचार और उत्साह अल्पपोषण से लेकर पर्यावरणीय क्षरण और ग्लोबल वार्मिंग जैसी उभरती चुनौतियों का समाधान निकालने में लगे हुए हैं।

हो सकता है इस राज्य (पंजाब) के मुख्यमंत्री से उर्वरक की बढ़ती कीमतों का कारण पूछने पर एक किसान को जेल में डाल दिया गया होगा, और उर्वरक मूल्य वृद्धि की समस्या ने इस प्रख्यात वैज्ञानिक को परेशान कर दिया होगा, और उन्होंने इसे कम करने के लिए खुद ही रास्ता तैयार कर लिया होगा। स्वामीनाथन के कितने ही सपने अधूरे रह गये। लेकिन उन्हें किसी भी हालत में नहीं छोड़ा जा सकता, अधूरा नहीं छोड़ा जा सकता है।

स्वामीनाथन द्वारा जलाई गई मशाल को आगे बढ़ाना युवा ब्रिगेड पर निर्भर है। वह और उनकी टीम भारत से होने वाले वैश्विक खाद्य निर्यात के 40 प्रतिशत के लिए पूरे श्रेय के पात्र हैं। जलवायु परिवर्तन और घटते संसाधनों के साथ चुनौती बड़ी है। स्वामीनाथन ने इसका पूर्वाभास किया और एक 'सदाबहार क्रांति' की कल्पना की, जिसे 'पारिस्थितिकी क्षति के बिना निरंतर उत्पादकता में सुधार' द्वारा शुरू किया जा सकता है। ऐसी उनकी दृष्टि थी।

गुरवाणी विचार

उठत बैठत सोवत जागत ए मन तुझे चितारे

जीवन पदवी हरि के दास जिन मिलिआ आतम परगसु।
हरि का सिमरन सुन मन कानी सुख पावहि हरि दुआर परनि।
आठ पहर धिआइअै गोपाल नानक दरसन देख निहाल।

इन पंक्तियों द्वारा पांचवे नानक गुरु अर्जुन देव जी मानव मन को समझाइश देते हुए फरमा रहे हैं कि ये पंक्तियां गुरु ग्रंथ साहिब के 200 अंग पर सुशोभित है। जो प्रभु परमात्मा का नाम सिमरन हर वक्त करते रहते हैं। सही मायने में ही प्रभु के दास हैं। हर के सेवक को उच्च आत्मिक दर्जा प्राप्त हो जाता है। उनसे जो भी प्राणी मिलता है उस पर भी इस बात का असर हो जाता है और उन्हें भी आत्मिक ज्ञान मिल पाता है अर्थात उनकी आत्मा को भी प्रकाश मिल जाता है इसीलिए मन को संबोधित करते हुए समस्त जीवों को समझा रहे हैं कि-

ऐ मेरे मन हर वक्त ध्यान लगा कर प्रभु परमात्मा का नाम सुना कर उस की ऐसी संगत में जाया कर जहां केवल प्रभु नाम का कीर्तन कथा होती रहती हो, क्योंकि वहां प्रभु परमात्मा का निवास होता है-विच संगति हरि प्रभु बसे जीओ।

हमें कहीं बैकुंठ जाने का प्रयास नहीं करना है क्योंकि गुरुदेव समझा रहे हैं कि साध संगत में ही बैकुंठ है इसलिए हर वक्त साध संगत में जाकर कीर्तन सुनना, प्रभु परमात्मा का सिमरन करना ही असल बैकुंठ की प्राप्ति है। प्रभु परमात्मा जपते रहने पर प्रभु परमात्मा की हम पर विशेष नजरें इनायत हो पाएगी। उनकी कृपा दृष्टि मिल जाने पर ही हमारा कल्याण हो पाएगा।

हमें कहीं जंगलों में, पहाड़ों में जाकर तपस्या करने की जरूरत नहीं है परन्तु गृहस्थ जीवन में रह कर अपना कार-विहार करते हुए अपने घर अपने परिवार का पालन पोषण करने के लिए वह भी जरूरी है। कार विहार करते हुए मन प्रभु परमात्मा से जुड़ा रहना चाहिए।

नामा कहे त्रिलोचना मुख ते राम संभाल।
हाथ पांव से काम सब चित निरंजन नाल।।

इसीलिए गुरवाणी द्वारा हमें समझाया गया है कि-

उठत बैठत सोवत जागत ए मन तुझे चितारे।

अतएव गृहस्थ आश्रम को सब से अच्छा माना गया है। वन-कंदराओंस में रहने वाले साधु संन्यासी को भी गृहस्थी के घर जाकर भिक्षा मांगनी पड़ती है तभी उनका उदर पोषण हो पाता है। बिना गृहस्थी के उनका भी गुजारा नहीं हो पाता इसीलिए गुरुदेव समझा रहे हैं गृहस्थ में रहकर अपना कार विहार करते हुए मन निरंकार से जुड़े रहना चाहिए।

याद रहे कि हमें हमारे पूर्व जनमों के कुछ अच्छे पुण्य कर्मों के कारण हमें यह मानव जनम मिला है इसलिए हमें चाहिए कि प्रत्येक श्वांस का उपयोग प्रभु सिमरन करने में लगाना है इसलिए गुरवाणी हमें समझा रही है-

राम सिमर राम सिमर ऐहो तेरो काज।

इंदर सिंह आहुजा

आपके पत्र

भारत ग्लोबल साउथ की सशक्त आर्थिक आवाज

भारत स्वतंत्रता की प्राप्ति के बाद अथक प्रयास करने के पश्चात आधुनिक भारत के स्वप्न दृष्टा प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने अपनी कार्यप्रणाली इसी सोच के साथ आगे बढ़ाई थी कि भारत अब एक समृद्ध, शक्तिशाली एवं आर्थिक रूप से संपन्न राष्ट्र के रूप में वैश्विक स्तर पर उभर कर आया है। इसी तारतम्य में 1952 से प्रारंभ की गई पंचवर्षीय योजनाओं के तहत कृषि, उद्योग, विज्ञान और स्वास्थ्य में वैज्ञानिक दृष्टिकोण तथा सोच को मूर्तरूप दिया गया था। समय-समय में सरकारें बदलती रहीं और भारत विकास की ओर धीरे-धीरे बढ़ता रहा। आज वर्तमान में भारत में आर्थिक स्थिति में जबरदस्त विकास किया है, भारत विश्व में पांचवी आर्थिक स्थिति बन चुका है। दूसरी तरफ विज्ञान तथा टेक्नालॉजी में भी अहम स्थान रखता है। सामरिक तौर पर भी भारत की सेना अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना विशेष स्थान रखती है। अब पाकिस्तान या चीन की इतनी हिम्मत नहीं है कि वह सीधा भारत पर आक्रमण कर सकें। भारत ने विकास कर यह साबित कर दिया है भारत अब पुराना भारत नहीं रहा है और अब किसी भी विषम परिस्थिति में भारत सीना तान कर खड़ा हुआ है।

मैं किसी पार्टी विशेष का पक्षधर नहीं हूं जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी ,अटल बिहारी वाजपेई, डॉ मनमोहन सिंह और अब नरेंद्र मोदी जी ने भारत को वैश्विक पटल पर एक सम्मानजनक इस स्थिति में ला खड़ा किया है। अटल बिहारी जी के नेतृत्व में हम परमाणु शक्ति संपन्न देश बने थे और इंदिरा गांधी जी के नेतृत्व में हमने 1971 में पाकिस्तान को बुरी तरह हराकर कर उसका विभाजन कर बांग्लादेश नामक नए देश का निर्माण करवाया था।

यहां बात विकास के वास्तविक धरातल और देश में गरीबी तथा बेरोजगारी उन्मूलन की करना चाह रहा हूं. हमारा देश अभी भी गरीबी ,बेरोजगारी ,भुखमरी, असमानता, अंधविश्वास, आडंबर और धार्मिक कट्टरपंथ का सामना करते हुए उस गति से विकास नहीं कर पा रहा है जिसके लिए वह अत्यंत समर्थ है। आज भारत की धमक अमेरिका से लेकर जापान तथा अफ्रीकी देशों में भी है। भारत के प्रधानमंत्री मोदी जी का स्वागत अमेरिका फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, ब्राजील, इजरायल और सऊदी अरेबिया देश के अनेक राज्यों के राष्ट्रीय प्रमुख हुक्मरानों ने दिल खोलकर किया है, नरेंद्र मोदी की वैश्विक हैसियत इसी बात से पता चलती है कि बाहुबली अमेरिका के राष्ट्रपति ने उनका ऑटोग्राफ लेने की गुजारिश की है।

भारत अभी वैज्ञानिक, तकनीकी और सुरक्षा के उच्च स्तर पर नहीं पहुंच पाया है। जिससे वह हर देश से आर्थिक सामाजिक राजनीतिक रूप से संतुलन बनाकर आमने सामने बैठ कर बात कर सके और इतना सामर्थ हो भारत कि हम संयुक्त राष्ट्रसंघ की सुरक्षा परिषद के आमंत्रित सदस्य बनकर बुलाए जाएं। गांधी जी ने स्वतंत्रता के बाद कहा था कि- मेरे सपनों का भारत कैसा भारत हो जिसमें गरीब से गरीब और वंचित से वंचित तथा पिछड़ा व्यक्ति भी भारत को अपना देश समझे तथा भारत की सरकार ऐसी सरकार जो अपनी नीतियां अंतिम व्यक्ति को सोचकर बना सके और उस व्यक्ति को सर्वाधिक लाभ प्राप्त हो सके। गांधी जी के सपनों के भारत को बनाने के लिए देश को सामाजिक, सांस्कृतिक, संस्कारिक, वैज्ञानिक और राजनीतिक रूप से शक्तिसंपन्न बनाना होगा तभी भारत का हर नागरिक अपने भारत के नागरिक होने पर गर्व उच्च स्तर पर कर सकेगा।

संजीव ठाकुर

दो दोस्तों ने भदभदा पुल से तालाब में छलांग लगाकर की खुदकुशी

रोहित राजपूत

भोपाल, देशबन्धु। भदभदा पुल से शनिवार की रात दो दोस्तों ने एक साथ तालाब में छलांग लगा दी। पुलिस ने एक के शव को शनिवार की रात को ही बरामद कर लिया था, जबकि दूसरे का शव रविवार दोपहर मिला। सुसाइड के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। रातीबढ़ पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। दोनों शव पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों के हवाले कर दिए गए हैं।

रातीबढ़ थाना के प्रभारी हेमंत श्रीवास्तव ने बताया कि शनिवार देर शाम भदभदा पुल से दो युवकों के बड़े तालाब में छलांग लगाने की सूचना मिली थी। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से युवकों की तलाश शुरू कराई और रात करीब 9 बजे एक युवक का शव मिला। उसकी शिनाख्त रोहित राजपूत पुत्र मुकेश राजपूत उम्र 20 वर्ष निवासी ईश्वर नगर हे-6 अरेरा कालोनी के रूप में हुई। वहीं पता चला कि इसके साथ तालाब में कूदने वाला दूसरा युवक रवि राठौर पुत्र कमलेश उम्र 24 वर्ष निवासी सांईबाबा मंदिर के पीछे नेहरू नगर है। इसके बाद दोनों के परिजनों को घटना की जानकारी दी गई। वहीं दूसरे युवक की तलाश जारी रखी, लेकिन रात में अंधेरा होने के कारण उसका पता नहीं चल सका। लिहाजा रोहित के शव को पोस्टमार्टम के लिए पहुंचाया। वहीं रविवार को सुबह से पुनः रवि की तलाश शुरू की। इसके बाद दोपहर में उसका भी शव मिल गया। इसके बाद पोस्टमार्टम के बाद दोनों के शव परिजनों को सौंप दिए गए। थाना प्रभारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला खुदकुशी का लग रहा है। लेकिन पहले एक युवक पानी में कूदा उसके पीछे दूसरे ने भी छलांग लगाई। लेकिन दोनों ने यह कदम क्यों उठाया इस बात का खुलासा नहीं हो सका है। फिलहाल मामले में मर्ग कायम कर खुदकुशी के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रहे हैं।

नौकरी करने को लेकर बेहद खुश था रवि

रवि के बड़े भाई भूपेंद्र ने बताया कि 12 वीं तक पढ़ा था। पूर्व में वह एक कपड़ों की दुकान में काम करता था। पिछले कुछ समय से बेरोजगार था। हाल ही में उसकी आयसर कंपनी में नौकरी लगी थी, जिसमें तीन अक्टूबर से उसे नौकरी पर जाना था। रवि नौकरी करने को लेकर बेहद खुश था। शनिवार शाम को जब वह घर से निकला तो मां को बताकर गया था कि कुछ देर में लौट रहा है। लेकिन इसके बाद उसकी मौत की सूचना मिली। उसने कभी किसी परेशानी का जिक्र नहीं किया। परिवार में भी कोई परेशानी नहीं है। मैं ऑटो पार्ट्स की दुकान में काम करता हूं। पिता अपना कारोबार करते हैं।

दोस्त को छोड़ने का बोलकर घर से निकला था रोहित

रोहित के मुकेश ने बताया कि रोहित दसवीं कक्षा के बाद पढ़ाई को छोड़ चुका था। वह डाइमंड फैक्ट्री होशंगाबाद रोड पर नौकरी करता था। शनिवार शाम को उसका दोस्त रवि घर आया था। दोनों घर के बाहर कुछ देर तक बातें करते रहे। शाम करीब 6 बजे रोहित दोस्त को छोड़ने जाने को बोलकर घर से निकला था। रात करीब 9 बजे हमें फोन पर सूचना मिली कि आपके लड़के ने एक अन्य युवक के साथ तलाब में कूदकर जान दे दी है। हम तत्काल भदभदा पहुंचे। जहां पहले से ही गोताखोर शव को तलाश रहे थे। रवि का शव बरामद किया जा चुका था, जबकि रोहित की शव रविवार की दोपहर मिला परिजनों ने बताया कि रवि मोबाइल को घर पर ही छोड़कर गया था। उसके मोबाइल में कोई पत्र नहीं मिला। घर में भी कोई पत्र नहीं छोड़ा है। हमें मौके पर भुट्टा बेचने वाले एक युवक ने बताया था कि दोनों एक साथ कूदे हैं।

दोस्त की प्रताड़ना से तंग युवक ने दी जान

भोपाल, देशबन्धु। एक युवक को दोस्त ने बलात्कार के झूठे प्रकरण में फंसाकर जेल भिजवाने की धमकी देकर ब्लैकमेल किया। उसकी आए दिन की धमकियों से प्रताड़ित होकर युवक ने बड़े तालाब में छलांग लगाकर खुदकुशी कर लिया। शनिवार-रविवार की दरमियानी रात पुलिस ने उसका शव राजा भोज की प्रतिमा के पास से बरामद किया है।

पुलिस के मुताबिक लांजी निवासी मिथलेश कुमार दुरकुटे पुत्र भूपेश कुमार दुरकुटे 26 फिलहाल भोपाल के एयरपोर्ट रोड पर बनी दाता कॉलोनी में बहन के घर में रह रहा था। यहां बीमार मां का इलाज कराने आया था। शनिवार को बिन बताए बहन के घर से निकला था। इसके बाद वह व्ही आई पी मार्ग स्थित राजा भोज की प्रतिमा के पास पहुंचा और तालाब में छलांग लगा दी। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से युवक की तलाश शुरू की। रात करीब 1 बजे उसका शव तालाब से बरामद किया गया। इसके बाद परिजनों को सूचना दी गई। परिजनों के पहुंचने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए पहुंचाया।

उधर मिथलेश के परिजनों की ओर से रविवार को सोशल मीडिया में तीन पेज का पत्र प्रसारित किया गया है, जो मिथलेश के द्वारा खुदकुशी से पहले लिखा होने का दावा किया जा रहा है। इस सुसाइड नोट में लिखा है एक दोस्त एक युवती के साथ मिलकर उसे ब्लैकमेल कर रहा है। बलात्कार के झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देता है। उसने मुझे जबरन एक कमरे में बंधक बनाया। एक लड़की के साथ तस्वीरें लीं, वीडियो बनाई। इन्ही को प्रसारित करने की भी धमकी देता है। उसने एक अन्य दोस्त की कार चोरी की है, इसका इल्जाम भी मेरे पर ही आ रहा है। जबकि सब जानते हैं। मैं भला व्यक्ति हूं...इज्जत से बड़कर मेरे लिए कुछ नहीं है। मुझे तो कार चलाना भी नहीं आता है। मजबूरन आदर्श नाम के दोस्त के कारण जान देनी पड़ रही है। आदर्श लांजी का ही रहने वाला है। वह फिलहाल कोलार में रहता है। उसी के कारण जान दे रहा हूं। वही मेरी मौत का जिम्मेदार है।

अध्यापकों ने लगाया वादाखिलाफी का आरोप, दिया धरना

भोपाल, देशबन्धु। मध्य प्रदेश अध्यापक-शिक्षक संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों ने शाहजहांनी पार्क में धरना देकर प्रदेश सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया है। उन्होंने मुख्यमंत्री से आचार संहिता लगने से पूर्व सभी आदेश जारी करने की मांग की है।

मोर्चा के उपेन्द्र कौशल ने बताया कि 10 सितंबर को मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल से चर्चा में मुख्यमंत्री ने आश्वत किया था कि अध्यापक संवर्ग के शिक्षकों की सेवा अवधि (वरिष्ठता) की गणना प्रथम नियुक्ति दिनांक से की जाएगी। वहीं उनके क्रमोन्नति, अनुकंपा नियुक्ति नियमों को शिथिल करने के आदेश एक सप्ताह में जारी कर दिए जाएंगे। लेकिन तीन हफ्ते बाद भी आदेश जारी नहीं हुए हैं। उन्होंने कहा कि वादे पूरे न होने से तीन लाख अध्यापक आक्रोशित हैं। इसलिए धरना एवं सभा के माध्यम से मुख्यमंत्री को उनके वादे याद दिला रहे हैं। सभा को राकेश दुबे, राकेश पांडे, जितेन्द्र शाक्य, राजेश साहू, कमल बैरागी, जगत पटेल, प्रेमसिंह सहित मोर्चे के अनेक पदाधिकारियों ने संबोधित किया।

कल संचालनालय का घेराव करेंगे ननि के कर्मचारी

भोपाल, देशबन्धु। नगरीय निकायों के दैनिक वेतन भोगी और विनियमित कर्मचारियों को नियमित करने सहित पांच मांगों को लेकर भोपाल नगर निगम के कर्मचारी तीन अक्टूबर को नगरीय प्रशासन संचालनालय का घेराव करेंगे। इस दौरान आयुक्त नगरीय प्रशासन को ज्ञापन सौंपा जाएगा। मध्य प्रदेश शासकीय वाहन चालक, यांत्रिक कर्मचारी संघ के अध्यक्ष साबिर खान ने बताया कि प्रदेशभर के नगर निगम, नगर पालिका, नगर परिषद के कर्मचारियों की मांगें वर्षों से लंबित हैं, जिनका निराकरण नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि तीन अक्टूबर को संचालनालय का घेराव करने के बाद आयुक्त नगरीय प्रशासन को ज्ञापन सौंपा जाएगा प्रदर्शन में भोपाल नगर निगम के लगभग दो हजार कर्मचारी शामिल होंगे। इनमें वाहन चालक, मैकेनिक, ऑपरेटर, सफाई कर्मी, दरोगा, सुपर वाइजर, कार्यालयीन कर्मचारी, जल विभाग के कर्मचारी, परियोजना के कर्मचारी, सीवेज विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहेंगे।

मवेशियों के तबेले में फंदे पर लटका मिला युवक

पत्नी के मायके जाने के बाद से लापता था

भोपाल, देशबन्धु। गांधी नगर थाना इलाके में रहने वाले युवक का शव मवेशियों के तबेले में फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला है। युवक बीते 13 दिन से लापता था। इसके के पूर्व उसकी पत्नी अपने मायके चली गई थी। पुलिस का अनुमान है कि पारिवारिक कलह के चलते उसने जान दी है। फिलहाल मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। गांधी नगर थाना पुलिस के मुताबिक लाऊखेड़ी का रहने वाला 25 विनोद चौहान कबाड़खाने में मजदूरी का काम करता था। पांच साल पहले उसकी शादी शाहपुरा में रहने वाली पिंकी से हुई थी। दोनों के तीन साल और एक साल के दो बेटे हैं। बीती 18 सितंबर को मामूली कहा सुनी के पत्नी मायके चली गई थी। इसके बाद विनोद काम पर जाने का बोलकर घर से निकला था। लौटा नहीं था। इसी सूचना गांधी नगर पुलिस को भी दी थी, जिस पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज की थी। बताया कि विनोद का घर से करीब एक किलो मीटर की दूरी पर विनोद का एक प्लॉट है, जिसमें उसने शेड डालकर मवेशी पाल रखे हैं। रविवार दोपहर इसमें को बदबू आ रही थी। इस एक महिला ने जब तबेले में झांकर देखा तो विनोद का शव फांसी के फंदे पर लटका दिखा।जिसके बाद में पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। शव 13 दिन पुरानी होने के कारण सड़ चुका था। रविवार शाम को शव परिजनों के हवाले कर दिया गया।

कार की टक्कर से मोटर साइकिल सवार की मौत

भोपाल, देशबन्धु। बैरसिया थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह एक तेज रफ्तार अज्ञात कार ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार सिर में चोट लगने से घायल को अस्पताल पहुंचाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस मर्ग कायम कर अज्ञात वाहन की तलाश कर रही है।पुलिस ने बताया कि बेरियाखेड़ी सुठालिया जिला राजगढ़ निवासी मंगल मीना सिंह उर्फ मनीष (20) भोपाल पुताई के ठेकेदारी का काम करता था। सुबह करीब सवा नौ बजे वह अपनी बाइक से बैरसिया होते हुए अपने घर राजगढ़ जा रहा था। तभी इमलिया स्वरूप नरसिंहगढ़ रोड पर किसी अज्ञात तेज रफ्तार कार ने पीछे से उसकी बाइक में टक्कर मार दी। इस हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। हादसे के बाद उसे एम्बूलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि हादसे के वक्त युवक ने हेलमेट नहीं पहना था।

भोपाल, देशबन्धु। मानव अधिकारों के उल्लंघन से संबंधित शिकायतों के निराकरण हेतु आयोग में नागरिक अपनी शिकायत ऑनलाइन फ्री पोर्टल पर पत्राचार द्वारा टोल फ्री नम्बर पर भी कर सकते हैं।

In The Court of Civil Judge, Clsass-I, Civil Court, Rehli

Presiding Officer: श्री सतीश शर्मा

आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम

सक्सेशन प्रकरण क्रमांक (MJC/SUC/00000003/2023)

हरिबाई गौड.. आवेदक

Vs

शाखा प्रबंधक .... अनावेदक

Process Id-..../2023

पेशी दिनांक 09.10.2023

प्रेषिती

1. आम जनता पता -आम जनता, 2. आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक हरिबाई गौड पता ने मृतक मोहन निवासी ग्राम खगोरिया मोहली थाना रहली के नाम से एचडीएफसी बैंक शाखा रहली के खाता क्रं. 50100472160626 राशि 1400000/- (चौदह लाख रुपये) राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 09 अक्टूबर 2023 नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/ संरक्षक होने संबंधी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 09 अक्टूबर 2023 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवाई एक पक्षीय की जाकर प्रकरण निराकरण किया जावेगा।

यह आज तारीख 20 सितम्बर 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

(सील)

सतीश शर्मा
व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड
रहली जिला सागर म.प्र.

कृपया ध्यान दें: 1 यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

आपका एक वोट देगा मध्यप्रदेश.... एक दिन में कर सकती है। दशहरा, धनतेरस और दीवाली से पहले 2.21 लाख से अधिक परिवारों को अपना घर मिल गया है। उज्जैन की विक्रम उद्योगपुरी और इंदौर का लॉजिस्टिक पार्क प्रदेश में उद्योगीकरण को विस्तार देकर रोजगार के अवसर पैदा करेंगे। आज विदिशा, बैतूल, कटनी, नरसिंहपुर, दमोह और शाजापुर को नए स्वास्थ्य केद्रों की सौगात भी मिली है। प्रधानमंत्री ने ग्वालियर को साहस, स्वाभिमान, सैन्य गौरव, संगीत, स्वाद और सरसों की भूमि बताते हुए कहा कि इस धरती से जो देशभक्त निकला, उसने अपना जीवन राष्ट्र के लिए खपा दिया। लेकिन हम जैसे करोड़ों लोगों को देश के लिए लड़ने का सौभाग्य नहीं मिला, लेकिन देश को विकसित और समृद्ध बनाने का दायित्व हमारे कंधों पर है। इसी मिशन को आगे बढ़ाने में मैं आपके बीच आया हूं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि आज ग्वालियर अवसरों की भूमि बन गया है, यहां स्कूल-कॉलेज, हाईवे, रेलवे ट्रैक बन रहे हैं, एयरपोर्ट का विस्तार हो रहा है। क्षेत्र की तस्वीर बदल रही है। पहले यहां 2 लेन रोड नहीं थी, लेकिन आज 8 लेन के एक्सप्रेस वे बन रहे हैं।

इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री एवं प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति के प्रदेश संयोजक नरेन्द्र सिंह तोमर, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा, केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, डॉ. वीरेन्द्र कुमार, प्रदेश शासन के गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा, तुलसीराम सिलावट, गोपाल भार्गव, श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया, राजेन्द्र शुक्ला, अरविन्द भदौरिया, महेन्द्र सिंह सिसोदिया, डॉ. प्रभुराम चौधरी, प्रद्युम्न सिंह तोमर, राज्यवर्द्धन सिंह दत्तीगांव, भारत सिंह कुशवाह, ओपीएस भदौरिया, सांसद विवेक नारायण शेजवलकर, श्रीमती संध्या राय, केपी यादव उपस्थित थे।

प्रथम पृष्ठ का शेष

मोदी पूछता भी है और.... उपकरण दिए, कॉमन साइन लैंग्वेज तैयार कराई और आज ग्वालियर में इनके लिए स्थापित स्पोर्ट्स सेंटर का उद्घाटन किया है। दिव्यांगों के खेलों के मामले में ग्वालियर का नाम सारी दुनिया में रोशन होने जा रहा है।

कमलनाथ ने गरीबों के घर लौटाए.... को प्रदेश की जनता ने हाथों हाथ लिया और स्वच्छता में आज मध्यप्रदेश देश में नंबर बना है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में देश की सीमाएं सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में आज देश के अन्न के भंडार भरे हैं और प्रदेश के किसानों ने तो ऐसा चमत्कार किया है कि 2003-04 तक 159 लाख मीट्रिक टन अन्न का उत्पादन था, आज अन्न का उत्पादन 619 लाख मीट्रिक टन हो गया है। आज मैं आपसे पूछना चाहता हूं ग्वालियर वालों जरा दिल से और ईमानदारी से बताना कि जितने विकास के काम भाजपा सरकार कर रही है कभी कांग्रेस ने किए थे क्या? श्री चौहान ने कहा कि भाजपा सरकार आपसे काम के बल पर आपका समर्थन मांग रही है। प्रदेश के विकास के लिए आपका समर्थन चाहिए।

3 लाख के इनामी आतंकी समेत.... केमिकल्स और प्लास्टिक भी बरामद हुई है। इसके अलावा इनके पास से पिस्तौल और कारतूस भी मिले हैं। इतना ही नहीं उनके पास से बम बनाने का लिटरेचर भी बरामद हुआ है। इसमें कैसे केमिकल को प्रोक्योर करना है? कैसे बम बनाना है? जैसी जानकारी दी गई है। पुलिस के मुताबिक उसने वैस्टर्न इंडिया, सदर्न इंडिया, गुजरात और अहमदाबाद में रेकी की थी, साथ ही उसने कई जंगलों में भी समय बिताया। पुलिस ने कहा कि शाहनवाज पेशे से इंजीनियर है। वह झारखंड के हजारीबाग का रहने वाला है। उसने बीटेक की पढ़ाई की है। उसे माइनिंग की पूरी जानकारी है, वहीं, अरशद वारसी ने भी बीटेक और फिर पीएचडी की है, जबकि मोहम्मद रिजवान मौलाना है और उसने भी कंप्यूटर साइंस में बीटेक किया है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार किए गए तीनों लोग ज्यादा से ज्यादा नुकसान करने के इरादे से ब्लास्ट करने वाले थे। उनके निशाने पर ज्यादातर जाने-माने डिग्निटरीज और वीआईपी लोग थे।

कोरोना के खिलाफ टीकों के.... इस साल कैटालिन कारिको और ड्रू वीसमैन को चिकित्सा का नोबेल दिया गया। इन्हें न्यूक्लियोसाइड बेस संशोधनों से संबंधित उनकी खोजों के लिए यह सम्मान दिया गया। इस खोज की वजह से कोरोनावायरस यानी कोविड-19 के खिलाफ प्रभावी एमआरएनए टीकों के विकास में मदद मिली। नोबेल समिति के सचिव थॉमस पर्लमैन ने कोरोलिंस्का संस्थान में विजेता की घोषणा की। चिकित्सा के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार के साथ ही नोबेल पुरस्कारों की घोषणा की शुरूआत हो गई है।

मणिपुर में छात्रों की हत्या... बाद मैदानी इलाकों से 27 और पहाड़ से 14 युवाओं के गायब होने की जानकारी सामने आई थी। इनका अब तक पता नहीं चला है। कुकी संगठन ने राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) पर कुकी समाज के 2 नाबालिगों सहित 7 लोगों के अपहरण का आरोप लगाया है। इसके विरोध में चुराचांदपुर जिले में रविवार रात 10 बजे से अनिश्चितकालीन बंद की घोषणा की गई है। कुकी लोगों ने चेतावनी दी कि सभी 7 लोगों को 48 घंटे में रिहा करें, नहीं तो वे आंदोलन करेंगे।

लायंस क्लब सर्वोदय ने किया पौधारोपण

भोपाल, देशबन्धु। लायंस क्लब सर्वोदय द्वारा दानिश कुंज फेज 3 में स्थित पार्क में पौधारोपण किया गया ।

गांधी जयंती के उपलक्ष्य में ईसाई समुदाय ने निकाली सद्भावना रैली

भोपाल, देशबन्धु। गांधी जयंती के उपलक्ष्य में ईसाई समाज ने एक अक्टूबर को राजधानी में सद्भावना रैली निकाली, जिसमें सभी धर्मों के प्रतिनिष्ठित नागरिक शामिल हुए। रैली आशा निकेतन परिसर स्थित एजम्पशन चर्च के गेट से शुरू हुई और पास्टरल सेंटर में शांति सभा के रूप में परिवर्तित हो गई।

शांति सभा को संबोधित करते हुए ज्ञानी गुरपेज सिंह ने कहा कि सभी धर्म हमें प्रेम और सद्भावना का संदेश देते हैं। जिन्हें आत्मसात कर हमें सभी समाजों के साथ समभाव रखना चाहिए। सभा को संबोधित करते हुए आर्चबिशप एएएस दुरईराज, बीके दिलीप, भंते राहुल पुत्र ने शांति और सद्भाव का संदेश दिया। कार्यक्रम का समन्वय पीआरओ फादर अल्फ्रेड डिसूजा और फादर सूसाई ने किया।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, सागर संभाग- सागर

माधवराव सप्रे मार्ग, (मुख्य मार्ग क्रमांक-3) भोपाल (म.प्र.) 462003

नि.आं.सू.क्रं. 09/2023-24/ 543 भोपाल, दिनांक 29.09.2023

निविदा आमंत्रण अल्प सूचना

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत संभाग-सागर की ओर से 06 बिस्तरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन चंदला विकासखण्ड लवकुशनगर जिला छतरपुर का 30 बिस्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन मय 02 एफ, 02 जी एवं 02 एच टाईप आवासगृहों इत्यादि में उन्नयन/निर्माण कार्य एवं 30 बिस्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन मकरोनिया बुजुर्ग विकासखण्ड सागर जिला सागर का 50 बिस्तरीय सिविल अस्पताल भवन में उन्नयन/निर्माण कार्य हेतु निविदा पोर्टल ऑनलाईन (निविदा ई-टेण्डरिंग के माध्यम) से 03 लिफाफा पद्धति से प्रपत्र 'अ' फार्म में परसेंटेज बेसिस पर उपयुक्त श्रेणी में पंजीबद्ध ठेकेदारों हेतु प्रोजेक्ट डायरेक्टर पीआईयू. लोक निर्माण विभाग भोपाल द्वारा जारी भवन एवं विद्युत कार्य हेतु एसओआर. 15.09.2022 (निविदा सूचना जारी होने तक किये गये समस्त संशोधनों सहित) दरों पर आमंत्रित की जाती है। विवरण निम्नानुसार है।

ई- निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 09/2023-24

स. क्रं.	निविदा क्रमांक	जिला का नाम	विकासखण्ड का नाम	आमंत्रण का प्रकार	संस्था की संख्या	अनुमानित लागत राशि रु. लाख में
1	2023_DHS_312814	छतरपुर	लवकुशनगर	प्रथम	01	882.43
2	2023_DHS_312817	सागर	सागर	प्रथम	01	635.59

1. कार्य से संबंधित एन.आई.टी. वेबसाइट (http://www.mptenders,gov.in) पर देखी जा सकती है।
2. निविदा प्रपत्र ऑनलाइन दिनांक 06.10.2023 प्रातः 10.30 से दिनांक 20.10.2023 सायं 17.30 तक क्रय किये जा सकते है।
3. धरोहर राशि स्टेट हेल्थ सोसायटी, एन.एच.एम भोपाल के पक्ष में देय होगी।
4. एन.आई.टी. में कोई भी संशोधन होने की स्थिति में वेबसाइट (http://www.mptenders,gov.in) पर प्रकाशित किया जावेगा, समाचार पत्रों में नहीं।
5. उपरोक्त निविदा को किसी भी स्तर पर निरस्त करने के अधिकार विभाग के पास सुरक्षित है।

कार्यपालन यंत्री
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन
संभाग सागर

जी-20690/23

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लो.नि.वि. (भ / स) संभाग क्रं. 1 सागर

फोन नं. 07582-222296 ईमेल आईडी eepwdsagar@nic.in

एनआईटी नं.-19/2023-24 / केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण सागर दिनांक 27.09.2023

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है :

क्रं.	पोर्टल टेंडर क्रं.	कार्य का नाम	जिला	ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी) (रू. में)	अमानत राशि (ईएमडी) (रू. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में)	कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित)	रिमार्क
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	2023_ PWDRB_ 312584_1	उपसंभाग सागर के अंतर्गत आगामी चुनाव के दौरान एवं व्ही.आई.पी. बिजिट हेतु हेलीपेड निर्माण, बेरीकेटिंग एवं अन्य आवश्यक कार्य अनुमानित लागत 19.50 लाख	सागर	1950000/-	39000/-	2000/-	03 माह वर्षाकाल सहित	प्रथम आमंत्रण
2	2023_ PWDRB_ 312588_1	उपसंभाग सागर के अंतर्गत यातायात सुरक्षा संबंधी कार्य अनुमानित लागत 19.95 लाख	सागर	1995000/-	39000/-	2000/-	03 माह वर्षाकाल सहित	प्रथम आमंत्रण
3	2023_ PWDRB_ 312590_1	उपसंभाग रहली के अंतर्गत आगामी चुनाव के दौरान एवं व्ही.आई.पी. बिजिट हेतु हेलीपेट निर्माण बेरीकेटिंग एवं आवश्यक कार्य अनुमानित लागत 19.50 लाख	सागर	1950000/-	39000/-	2000/-	03 माह वर्षाकाल सहित	प्रथम आमंत्रण
4	2023_ PWDRB_ 312593_1	उपसंभाग रहली के अंतर्गत यातायात सुरक्षा संबंधी कार्य अनुमानित लागत 19.95 लाख	सागर	1995000/-	39000/-	2000/-	03 माह वर्षाकाल सहित	प्रथम आमंत्रण
5	2023_ PWDRB_ 312595_1	उपसंभाग खुरई के अंतर्गत आगामी चुनाव के दौरान एवं व्ही.आई.पी. बिजिट हेतु हेलीपेड निर्माण, बेरीकेटिंग एवं आवश्यक कार्य अनुमानित लागत 19.50 लाख	सागर	1950000/-	39000/-	2000/-	03 माह वर्षाकाल सहित	प्रथम आमंत्रण
6	2023_ PWDRB_ 312596_1	उपसंभाग खुरई के अंतर्गत यातायात सुरक्षा संबंधी कार्य अनुमानित लागत 19.95 लाख	सागर	1995000//-	39000/-	2000/	03 माह वर्षाकाल सहित	प्रथम आमंत्रण
7	2023_ PWDRB_ 312597_1	उपसंभाग देवरी के अंतर्गत आगामी चुनाव के दौरान एवं व्ही.आई.पी. बिजिट हेतु हेलीपेड निर्माण, बेरीकेटिंग एवं अन्य आवश्यक कार्य अनुमानित लागत 19.50 लाख	सागर	1950000/-	39000/-	2000/	03 माह वर्षाकाल सहित	प्रथम आमंत्रण
8	2023_ PWDRB_ 312598_1	उपसंभाग देवरी के अंतर्गत यातायात सुरक्षा संबंधी कार्य अनुमानित लागत 19.95 लाख	सागर	1995000//-	39000/-	2000/	03 माह वर्षाकाल सहित	प्रथम आमंत्रण
				15780000/-				

1. निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट वेबसाईट http://mptenders.gov.in/ पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन-लाईन पोर्टल पर क्रेडिट / डेबिट / कैशकार्ड / इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3. निविदा प्रपत्र केवल ऑन-लाईन दिनांक 29.09.2023 समय 10.00 से दिनांक 09.10.2023 समय 05.30 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाईट पर देखी जा सकती है।
4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा ।

जी-20653/23

कार्यपालन यंत्री
लो.नि.वि. (भ./स.) संभाग क्रं.1 सागर

तेज रफ्तार बस अनियंत्रित होकर पेड़ों से टकराई, 15 यात्री हुए घायल

टीकमगढ़, देशबन्धु। टीकमगढ़ से दिल्ली जा रही एक बस रविवार की रात करीब 9 बजे पुलिस थाना दिगौड़ा के पास अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे हुए पेडों से टकरा गई। इस घटना में बस में सवार करीब 12 से 15 यात्री घायल हो गए। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी नीरज लोधी पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने स्थानीय लोगों की सहायता से बस में से घायल यात्रियों को बाहर निकाला और हंड्रेड पुलिस वाहन व एंबुलेंसों से घायलों को तत्काल उपचार के लिए दिगौड़ा अस्पताल भेजा गया। जहां पर डॉक्टर मौजूद नहीं होने पर घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया।

यह यात्री बस टीकमगढ़ से दिल्ली के लिए जा रही थी, जिसमें लगभग पूरी सीटों पर सवारियां यात्रा कर रही थीं। यह बस खजुराहो ट्रैवल्स मिश्रा गुर्जर कंपनी की थी, बस का नम्बर यूपी 93 बीटी 1424 है। बस में सवार यात्रियों से जानकारी ली गई तो कुछ यात्री बता रहे थे कि बस तेज रफ्तार से चल रही थी, कुछ यात्री स्टेरिंग फैल होना बता रहे थे और कुछ यात्रियों ने बताया कि बस का ड्राइवर शराब के नशे में था जिससे यह घटना हुई है। वहीं इस घटना को लेकर थाना प्रभारी नीरज लोधी ने बताया कि यह बस टीकमगढ़ से दिल्ली जा रही थी, जो यात्रियों से फुल भरी हुई थी। दिगौड़ा में पुलिस थाना के पास अचानक अनियंत्रित होकर पेड़ों से जा टकराई। इस घटना में 10 से 15 यात्री घायल हुए हैं।

सूचना मिलते ही घायल यात्रियों को बस में से निकालकर 100 पुलिस वाहन व एंबुलेंसों से जिला अस्पताल भिजवाया गया है। वहीं बजरंग दल के राजेन्द्र परमार व प्रशांत चढ़ार सहित अन्य लोगों ने बताया कि बस की इस घटना में घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक अस्पताल दिगौड़ा में ले जाया गया था, लेकिन अस्पताल में कोई भी डॉक्टर उपस्थित नहीं थे, अस्पताल में केवल नर्स थीं, जिसकी वजह से घायलों का प्राथमिक उपचार दिगौड़ा अस्पताल में नहीं हो सका।

12 घायलों को एंबुलेंस ने अस्पताल भेजा

हंड्रेड पुलिस के आरक्षक मेजर जगभान रजक व पायलेट राजीब संज्ञा ने जानकारी देते हुए बताया है कि रविवार की रात में पुलिस थाना दिगौड़ा के पास दिल्ली जा रही एक बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ों से जाकर टकरा गई। इस घटना में दिगौड़ा पुलिस व स्थानीय लोगों ने घायलों को बस से बाहर निकाला और घायल यात्री हरनारायण अहिरवार व उनकी पत्नी अनीता अहिरवार निवासी शाहगढ़, जमुना अहिरवार व उनके पति चुनचा अहिरवार निवासी मजना टीकमगढ़, अंगूरी पत्नी कमलेश अहिरवार निवासी कुटवाई थाना भगवां, अर्जुन चढ़ार व उनकी पत्नी सुनीता चढ़ार निवासी बड़ागांव धसान को हंड्रेड पुलिस वाहन उपचार के लिए जिला अस्पताल ले गई। इस घटना में अन्य घायल यात्री रामचरन चढ़ार निवासी लार बंजरया, प्रीती पत्नी पुष्पेन्द्र रजक निवासी डिकोली, पार्वती पत्नी करोड़ी रजक निवासी डिकोली थाना बुडेरा, गुड्डी दुबे पत्नी मुकेश दुबे व उनकी पुत्री तनिषा दुबे निवासी खादी आश्रम टीकमगढ़ को 108 एंबुलेंस से उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया। जिला अस्पताल टीकमगढ़ में इस घटना में घायल हुए यात्रियों का उपचार किया जा रहा है।

देवखा सरपंच ने घायलों के परिजनों व यात्रियों को खिलाया खाना

बीती रात को दिगौड़ा में दिल्ली जा रही बस दुघर्टना में घायलों व यात्रियों को देवखा सरपंच रंजीत यादव ने पुलिस थाना में जाकर सभी यात्रियों का हालचाल पूछकर, सभी यात्रियों के लिए खाना पीना की व्यवस्था बनाई गई।

बस मालिक ने सभी यात्रियों का किराया किया वापिस

दिगौड़ा में बस दुर्घटना को लेकर आज बस मालिक बद्री नारायण मिश्रा बस के पास पहुंचे और वहां बस में रखे हुए यात्रियों का सामान वापिस दिलाया और पुलिस थाने में जाकर थाना प्रभारी की उपस्थिति में सभी यात्रियों का टिकट लेकर पूरा किराया वापिस किया।

जिला पुलिस अधीक्षक पहुँचे मौके पर

दिगौड़ा में दिल्ली जा रही बस दुर्घटना ग्रस्त होने की सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी रात करीब 10.30 बजे घटना स्थल पर पहुंच गए। वहां पर घटना का निरीक्षण किया व उन्होंने घटना होने के कारणों का पता लगाने के निर्देश दिए। बस में सवार यात्रियों से मिलकर उनका हालचाल पूछा, यात्रियों से समस्या के बारे में पूछा, यात्रियों के लिए खाना पीना की व्यवस्था कराने व यात्रियों का किराया वापिस दिलवाने के निर्देश दिए थे।

पुलिस हाउसिंग बोर्ड

जिम्मेवार अफसर और निर्माण एजेंसी की मिलीभगत से अस्पताल निर्माण में मिट्टीयुक्त रेत का इस्तेमाल

टीकमगढ़, देशबन्धु। खरगापुर नगरीय क्षेत्र में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन 30 बिस्तर के अस्पताल का निर्माण कार्य पुलिस हाउसिंग बोर्ड के जिम्मेवार अधिकारी और कॉन्टैक्टर द्वारा सरकारी बजट को ठिकाने लगाने का दौर चल रहा है। ऐसा ही मामला सामने आया है कि नगर के वार्ड क्र. 1 पलेरा मार्ग पर साढ़े नो करोड़ रुपए की लागत से बनाए जा रही सरकारी अस्पताल का निर्माण कॉन्टैक्टर द्वारा घटिया सामग्री का उपयोग कर मनमानी की जा रही है। हैरानी की बात यह है कि पुलिस हाउसिंग बोर्ड के जिम्मेदार अधिकारी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे है।

मानक स्तर का नहीं हो रहा है कार्य, कॉन्टेक्टर मनमानी पर उतारू

अस्पताल निर्माण में कॉन्टैक्टर द्वारा घटिया स्तर का मटेरियल लगाया जा रहा है। सरकारी अस्पताल भवन अमानक स्तर की मिट्टी का उपयोग किया जा रहा है। जिसके चलते उक्त बिल्डिंग जल्दी ही धराशाई हो जाएगी, रहवासियों ने बताया कि इसके अनुसार मानक के अनुसार इस्तेमाल होना चाहिए उस हिसाब से उपयोग नहीं किया जा रहा है साढ़े नो करोड़ की लागत से बनने वाली अस्पताल का निर्माण कार्य में मनमाने तरीके से किया जा रहा है।

नगरवासियों का आरोप है कि विभाग द्वारा प्रमाणित न होने के वावजूद भी मिट्टीयुक्त रेत का उपयोग क्यों किया जा रहा है। इसके अलावा क्यूब टेस्ट नहीं किया जा रहा हैं, न ही मौके पर क्यूबटेस्ट मौजूद नही है। जिसके कारण अस्पताल की बिल्डिंग का निर्माण गुणवत्ताहीन सामग्री का उपयोग से बनाई जा रही है। इस मामले में पुलिस हाउसिंग वोर्ड कॉर्पोरशन के एई आनंद पाठक से मोबाइल लगाने पर प्रतिक्रिया जानने का प्रयास किया तो मोबाइल फोन उठाना उचित नहीं समझा।

विधायक हरिशंकर खटीक के समक्ष सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने ली भाजपा की सदस्यता

पलेरा, देशबन्धु। चुनावी समय में जतारा विधानसभा क्षेत्र में राजनीतिक पार्टियां अपनी पकड़ मजबूत बना रही हैं। इसी क्रम में मोनू तिवारी बराना एवं मोनू यादव मलूपुरा मंजरा के नेतृत्व में सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। बताया गया है कि प्रदेश महामंत्री एवं जतारा विधायक हरिशंकर खटीक के द्वारा सैकड़ो कार्यकर्ताओं को भाजपा की सदस्यता दिलाई गई। इस मौके पर विधायक हरिशंकर खटीक ने सभी भाजपा कार्यकर्ताओं का पुष्प माला से स्वागत किया। वर्तमान समय में देखा जा रहा है कि जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि अतुल खटीक के द्वारा लगातार जतारा विधानसभा क्षेत्र में गांव गांव जाकर युवा संघ को एकजुट किया जा रहा है।

निकाली बाइक रैली

भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने के उपरांत सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि अतुल खटीक के नेतृत्व में विधानसभा क्षेत्र में बाइक रैली निकाली। भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद के नारो के साथ निकाली गई बाइक रैली की चर्चा समूचे क्षेत्र में की जा रही है।

पीएम आवास के तहत विधायक ने हितग्राहियों को कराया गृहप्रवेश

टीकमगढ़, देशबन्धु। मध्यप्रदेश में 2.21 लाख पीएम आवासों का गृह प्रवेश एवं पीएम आवास शहरी में 1355 आवासों व अन्य इकाइयों का लोकार्पण के अंतर्गत टीकमगढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत डिकोली में विधायक राकेश गिरी ने हितग्राही पवन लोधी, मांजना कुशवाहा, छक्की कुशवाहा, भगवान आदिवासी, लल्लू वंशकार के मकान का गृह प्रवेश कराया, साथ ही उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की।

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक राकेश गिरी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। वहीं सीईओ आशीष अग्रवाल भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। इस दौरान ग्राम वासियों ने विधायक राकेश गिरी का फूल मालाओं से स्वागत सम्मान किया। साथ ही विधायक राकेश

गिरी ने भी सभी बुजुर्गों को भी फूल माला पहनाकर स्वागत सम्मान किया। गृह प्रवेश कार्यक्रम के दौरान विधायक राकेश गिरी ने ग्राम वासियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2.21 लाख पीएम आवासों का गृह प्रवेश एवं पीएम आवास शहरी में 1355 आवासों व अन्य इकाइयों का लोकार्पण किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा है कि कोई भी गरीब झोपड़ी एवं कच्चे घरों में नहीं रहेंगे, उन्हें पक्का मकान बनाकर दिया जाएगा। जिसके अंतर्गत लगभग 90: लोग इस योजना से लाभान्वित हुए हैं, जो कि पहले अपनी झोपड़ी या कच्चे मकान में अपना पालन पोषण करते थे जो अब पक्के मकान में निवास कर रहे हैं। वहीं शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का भी पंक्ति के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक लाभ पहुंचे जिसके लिए मेरे द्वारा लगातार प्रयास किया जाता है और हर पात्र व्यक्ति को शासन की योजनाओं के तहत लाभ दिलाया जाता है। इस अवसर पर सीईओ आशीष अग्रवाल, सरपंच प्रेम बाई, सचिव ग्राम के वरिष्ठ लोग जनप्रतिनिधि एवं भाजपा समर्थक सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

मिट्टी खदान धसकने से महिला की मौत

पलेरा, देशबन्धु।। थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले घूरा गांव में मिट्टी की खदान धसकने से एक 18 वर्षीय युवती की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार शैली बरार उम्र 18 वर्ष के घर पर काम लगा हुआ था। परिजनों के अनुसार निर्माण कार्य करने के लिए शैली बरार घर के पास से पहाड़ से मिट्टी लेने गई हुई थी। जहां पर अचानक खदान धसक जाने के कारण वह मिट्टी में दब गई। घटना के उपरांत मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने युवती को मिट्टी से निकाला और पलेरा समुदाय स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां पर डॉक्टर के द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची पलेरा थाना पुलिस ने पंचनामा नक्शा इत्यादि तैयार शव का पीएम कराकर परिजनों को सुपुर्द किया।

श्रीगणेश प्रसाद वार्णी जन्म जयंती समारोह आज

टीकमगढ़, देशबन्धु। भगवान महावीर बाल संस्कार विद्यालय कलेक्टरेट रोड पर टीकमगढ़ में 3 अक्टूबर मंगलवार को क्षमा वाणी पर्व एवं 105 एलक श्री गणेश प्रसाद जी जन्म जयंती पर्व मनाया जाएगा। दिगंबर जैन समाज के समाजसेवी नरेंद्र जैन जनता ने बताया कि यह सभी कार्यक्रम दोपहर 1 बजे से आयोजित किए जाएंगे जिसमें स्कूल के अनेक छात्र छात्राएं भाग लेंगे व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। वहीं कुछ विशेष जनों का सम्मान समारोह किया जाएगा एवं वर्णी जी के जीवन पर तप, त्याग और उनके जीवन का मार्ग परिवर्तन पर विशेष प्रकाश डाला जाएगा। शाम 5 बजे से 6 बजे तक आमंत्रित अतिथियों एवं उपस्थित महान भावों का मैत्री भोज करते हुए सब को क्षमा, सबसे क्षमा एवं विश्व में शांति हो, जगत के सभी जीव सुखी रहे। इस आशय से क्षमा वाणी पर्व मनाया जाएगा।



शराबी पति ने पत्नी को डंडे से पीटा, पीड़िता ने थाने में की शिकायत

दिगौड़ा, देशबन्धु। थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बम्होरी खास में एक महिला के उसके पति ने शराब के नशे में डंडे से मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता ने घटना की रिपोर्ट थाने में की गई, पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। फरियादी महिला मोहिनी पत्नी महेन्द्र अहिरवार उम्र 27 साल निवासी बम्होरी खास ने अपने पुत्र आजाद अहिरवार के साथ पुलिस थाने में रिपोर्ट की गई। जिसके अनुसार पीड़िता का पति महेन्द्र अहिरवार शराब पीने का आदी है। वह आए दिन शराब पीकर पीड़िता के साथ झगड़ा करता है, कोई काम धंधा भी नहीं करता है। रविवार को पीड़िता का पति महेन्द्र शराब पीकर घर आया और पीड़िता के साथ गाली गलौज व झगड़ा करने लगा। पीड़िता ने गाली देने से मना किया तो उसकी डंडे से मारपीट कर दी। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गांधी जयंती पर जिला न्यायालय परिसर में कार्यक्रम आयोजित

टीकमगढ़, देशबन्धु। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के मार्गदर्शन में महात्मा गांधी की जयंती के उपलक्ष्य में स्वच्छता ही सेवा है एवं गार्बेज फ्री इंडिया अभियान के अंतर्गत आज जिला न्यायालय परिसर टीकमगढ़ में न्यायिक अधिकारी की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला न्यायालय के न्यायाधीशगण एवं कर्मचारीगण द्वारा स्वच्छता अभियान के अंतर्गत न्यायालय परिसर की साफ-सफाई कर श्रमदान दिया गया तथा न्यायाधीशगण ने स्वच्छ भारत का संदेश देकर कर्मचारीगण को ग्रीन व क्लीन शहर बनाए रखने की अपील की गई। स्वच्छता अभियान कार्यक्रम में जिला न्यायालय परिसर में मनोज कुमार प्रथम जिला न्यायाधीश, प्रणयदीप ठाकुर द्वितीय जिला न्यायाधीश, प्रदीप सोनी रजिस्ट्रार सिविल कोर्ट, अमित निगम जेएमएफसी टीकमगढ़, संगम सिंह जेएमएफसी, श्रीमती कविता संगम सिंह प्रधान मजिस्टेज्ट किशोर न्याय बोर्ड, श्रीमती नूतन रावते जेएमएफसी एवं प्रशिक्षु न्यायाधीषगण, श्याम बाबू भार्गव प्रशासनिक अधिकारी, अंकित खरे जिलाध्यक्ष, दिनेश सोनी जिला नाजिर, गोविन्द सेन नायब नाजिर एवं अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

लड़वारी में मध्यस्थता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

टीकमगढ़, देशबन्धु। मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं हितेन्द्र सिंह सिसौदिया प्रधान जिला न्यायाधीष/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण टीकमगढ़ एवं श्री विनोद कुमार पाटीदार सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण टीकमगढ़ के मार्गदर्षन में आज गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर ग्राम लड़वारी में जागरूकता कार्यक्रम एवं मध्यस्थता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में राजकुमार लोधी, चीफ लीगल एड डिफेंस काउण्सिल टीकमगढ़ द्वारा उपस्थित ग्रामीणजन बताया कि 2 अक्टूबर भारतीय और दुनिया भर के लोगों के लिए एक विषेष अवसर है। भारत में हम इस दिन को गांधी जयंती के रूप में मनाते हैं जबकि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इस अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में मनाया जाता है। साथ ही गांधी जी व शास्त्री जी के जीवन चरित्र के बारे में बताते हुए उनके पदचिन्हों पर चलने के लिए भी कहा गया। इस अवसर सरकार द्वारा चलाये जा रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान 2023 के अंतर्गत श्रमदान कर साफ-सफाई करने हेतु जागरूकता किया गया। साथ ही मध्यस्थता के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि मध्यस्थता विवादों को निपटाने की सरल एवं निष्पक्ष प्रक्रिया है, जिसमें सभी पक्ष अपनी इच्छा से सदभावनापूर्ण वातावरण में विवाद का समाधान निकालते हैं। मध्यस्थता की प्रक्रिया पूरी तरह गोपनीय रहती है। मध्यस्थता से विवाद का हमेषा के लिए प्रभावी एवं सर्वमान्य समाधान हो जाता है तथा जटिल न्यायालयीन प्रक्रिया से राहत मिलती है। मध्यस्थता से दोनों पक्षों का समय बचता है, दोनों पक्षों को धन की हानि होने से छुटकारा मिलता है तथा दोनों पक्षों की जीत होती है। कार्यकम में सरपंच श्रीमती भागवती लोधी, सचिव संजय रैकवार जनपद सदस्य सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मंगल भवन में वार्ड सभा आयोजित

टीकमगढ़, देशबन्धु। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभाराम रोशन के निर्देशन में महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर शासकीय शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मंगल भवन टीकमगढ़ में संस्था प्रभारी के नेतृत्व में जन आरोग्य समिति की बैठक का आयोजन आयोजित किया गया। बैठक में मुख्य रूप से यूपीएचसी मंगल भवन टीकमगढ़ में आयुष्मान भवरू कार्यक्रम के अंतर्गत किये जा रहे विभिन्न कार्यो आभा आईडी का महत्त्व एनसीडी, टीबी, सिकल सेल स्क्रीनिंग एनीमिया,टीकाकरण,के लिए जागरूकता लाने पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर क्षेत्रीय पार्षद एवं जन आरोग्य समिति की अध्यक्ष अर्बन हेल्थ सेंटर स्टाफसहित अर्बन एएनएम उपस्थित रहे। संस्था प्रभारी के द्वारा आभार प्रकट किया गया।

नगर में गंदगी का अंबार, नपा की व्यस्थाएं फेल

मंत्री ने उठाई झाड़ू, दिया स्वच्छता का संदेश

पन्ना, देशबन्धु। वर्तमान समय में पन्ना नगर पालिका की व्यवस्थाये पूरी तरह फैल है नगर पालिका अध्यक्ष तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी की निष्क्रिय कार्य प्रणाली के चलते नगर में चारो तरफ गंदगी का आलम देखा जा रहा है। लगातार यह व्यवस्था चल रही है जिसकी वानिगी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती तथा स्वच्छता दिवस के अवसर पर स्वयं क्षेत्रीय विधायक तथा केबीनेट मंत्री ब्रजेन्द्र प्रताप सिंह ने देखी जिला अस्पताल के सामने सिटी स्केन सेंटर के बगल मे गंदगी का अंबार भारी मात्रा में लगा हुआ था उक्त गंदगी देखकर उन्होंने झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश देने का प्रयास किया यह तो एक मात्र जगह उदाहरण के तौर पर देखी जा सकती है लेकिन इस प्रकार की स्थिति विभिन्न स्थानो पर देखने मिल सकते है जहां पर गंदगी के ढेर लगे हुये है धरमसागर तालाब जिसका पीने के लिये पानी भी सप्लाई किया जाता है। उक्त तालाब में व्यापक स्तर पर गंदगी मची हुई है। इसी प्रकार छत्रसाल पार्क के बगल में स्थित साप्ताहिक बाजार सहित मुख्य मार्ग पर भी सफाई का अभाव देखा जा रहा है। नगर पालिका परिषद में पदस्थ अध्यक्ष द्वारा कभी भी आकस्मिक भ्रमण नही किया जाता है इसी प्रकार नगर परिषद में पदस्थ मुख्य नगर पालिका अधिकारी गढपाले की कार्य प्रणाली भी बहुत ही निष्क्रिय तथा गैर जिम्मेदार है। आम जनता द्वारा कोई भी जानकारी मोबाईल पर देने का प्रयास करते है तो उनके द्वारा फोन नही उठाया जाता है और न ही नगर की व्यवस्थाओं को देखने का प्रयास करते है।

स्टेट बैंक कर्मचारियों ने चलाया स्वच्छता अभियान

पन्ना, देशबन्धु। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर स्टेट बैंक के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा विभिन्न स्थानो पर स्वच्छता अभीयान चलाकर कचरा साफ किया। जिसमें छत्रसाल पार्क, धरमसागर, जिला अस्पताल सहित पंहुचकर कर्मचारियों द्वारा स्वच्छता कार्यक्रम चलाया गया। उक्त कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है। जहां एक ओर केन्द्र तथा प्रदेश सरकार द्वारा स्वच्छता अभियान अपने विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से किया जा रहा है। इसी कडी में विभिन्न संस्थाओं द्वारा भी स्वच्छता के प्रति लोगो को जागरूक किया जा रहा है। स्टेट बैंक शाखा पन्ना एवं अन्य बैंको के कर्मचारियों ने एकत्रित होकर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान बैंक प्रबंधक प्रिया द्विवेदी ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा है, स्वच्छता से ही संपन्नता आती है। इस दौरान अनेक लोग उपस्थित रहें। जिसमें अंजली अहिरवार, बृजकुमार शनोडिया, शशांक सेन सहित एड. अरविन्द खरे, जगतपाल सिंह, अनूप सेठ, रशीद सौदागर सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

जूडो प्रतियोगिता में अनमोल और शिवेन्द्र का चयन

पन्ना, देशबन्धु। खेलो इंडिया की तर्ज पर मप्र खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा पहली बार आयोजित खेलो एमपी यूथ गेम्स की संभाग स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ियों ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए 2 गोल्ड 1 सिल्वर मेडल जीतकर बेहतरीन प्रदर्शन किया। जिले के मार्शल आर्ट प्रशिक्षक इरफान खान ने बताया कि इस महत्पूर्ण प्रतियोगिता में पन्ना, छतरपुर, दमोह, टीकमगढ़ और सागर के खिलाड़ियों के बीच जबरदस्त प्रतिस्पर्धा के बीच पन्ना के खिलाड़ियों ने बाजी मारी पन्ना के शिवेन्द्र कुमार वर्मा ने 50 केजी में स्वर्ण पदक जीता। अनमोल सेन ने 55 केजी में स्वर्ण पदक जीता वही पीयूष विश्वकर्मा ने 60 केजी रजत पदज जीता है। उक्त सफलता पर मोहम्मद अहमद खान, जिला खेल अधिकारी खेल युवा कल्याण विभाग पन्ना, पहलवान सिंह, संगीता श्रीवास्तव, लॉरेंस एट्स, सैफ उल्ला, बलराम सेन, बृजेश कुमार वर्मा, हर्षिता विश्वकर्मा महिला प्रशिक्षक सहित समस्त पदाधिकारी और खिलाड़ियों ने बधाई दी है और अग्रिम शुभकामनाएं व्यक्त की है।

माध्यमिक शाला मुडिया में हुआ कार्यक्रम

गांधी जयंती पर हुए आयोजन, दिलाई स्वच्छता की शपथ

दमोह देशबन्धु। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की एवं लाल बहादुर शास्त्री जी की जन्म जयंती लक्ष्मण कुटी सेक्टर के शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक शाला मुडिया में मनाई गई एवं सभी शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर शाला की प्राचार्या शोभा दीवान द्वारा राष्ट्र पिता महात्मा गांधी जी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्रो पर पुष्पाहार द्वारा कार्यक्रम की शुरुवात की गई । छात्रोओं द्वारा रंगोली प्रतियोगिता पेंटिंग प्रतियोगिता स्लोगन. निबंध प्रतियोगिता . वाद विवाद प्रतियोगिता . प्रश्नोत्तरी आदि कार्यक्रम आयोजित किये गए । प्राचार्या मेण्डम एवं शिक्षक जय कुमार जैन के साथ अन्य शिक्षको द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा एवं स्वच्छता अभियान के संबंध में प्रकाश डाला गया । शोभा दिवान ने बताया कि आज हम बाबू की 154 जयंती माना रहे है और हम सभी को बाबू के बताए मार्ग पर चलना। शाला परिसर में वृक्षा रोपण भी किया गया। अंत में रेली निकाल कर गांव वालों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया । कार्यक्रम में शाला परिवार के समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाओ एवं नवांकुर संस्था बुन्देलखंड नव निर्माण संगठन एवं युवा जन कल्याण समिति के अंकित बसेडिया की उपस्थिति रही।

गांधी एवं शास्त्री की जयंती मनाई

दमोह देशबन्धु। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था बुंदेलखंड और निर्माण संगठन एवं युवा जन कल्याण समिति द्वारा शासकीय सरदार पटेल कन्या शाला में राष्ट्रपति महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। सर्वप्रथम विद्यालय की प्राचार्य सुलक्षणा हजारी ने बापू एवं शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण किया। सुलक्षणा हजारी बताया कि आज हम बापूजी की 154 जयंती मना रहे और हम सभी को बापू के बताए मार्ग पर चलना है अग्रेजी हुकूमत से आज़ादी दिलाने में काफी बलिदान दिए संघर्ष किया अपना अभूतपूर्व योगदान दिया। शाला परिसर में वृक्षा रोपण भी किया गया। सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में बहादुर सिंह ठाकुर, प्रभात सिंह राजपूत, अखिलेश सोनी, पुरुषोत्तम दुबे, सुशील सोनी, छोटेलाल मांझी, नितिन श्रीवास्तव, सीबी अहिरवार, सविता, अभिलाषा खरे, नीलू, मधुबाला श्रीवास्तव, कामिनी अहीरवाल, श्याम विनय अहीरवाल, अभिषेक राजपूत, राजा यादव, शाला परिवार के समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाओ एवं नवांकुर संस्था बुन्देलखंड नव निर्माण संगठन एवं युवा जन कल्याण समिति के अंकित बसेडिया की उपस्थिति रही ।

वैश्य संगठन ने वाहन रैली से दिया स्वच्छता का संदेश

दमोह/पथरिया देशबन्धु। गांधी जयंती के उपलक्ष्य में वैश्य संगठन ने उमाशंकर गुप्ता संगठन प्रमुख एवं संभागीय अध्यक्ष राकेश अग्रवाल के आवाहन पर संपूर्ण प्रदेश में दो अक्टूबर को पथरिया में विशाल वाहन सद्भावना रैली निकाली, जिसमें सभी धर्मों के प्रतिष्ठित एवं व्यापारी संगठन के साथ युवा इकाई के साथ नागरिक शामिल हुए। वाहन रैली गढ़ाकोटा रोड चौधरी पेट्रोल पंप से प्रारंभ होकर संजय चौराहा,बंडा तिराहा, लखरोनी रोड आदिनाथ मंदिर से वापस थाना परिसर के सामने से संजय चौराहा पर संपन्न हुई। वाहन रैली में वैश्य समाज के सैकड़ो नवयुवक टू व्हीलर के साथ गांधी जी को स्मरण करते हुए नारे लगाते दिखे। सद्भावना वाहन रैली के समापन पर नुकड़ सभा का आयोजन हुआ जिसमें पूज्य बापू जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। तहसील अध्यक्ष संजय कुबेर ने बापू को याद करते हुए नगरवासियों और राहगीरों से अपना नगर साफ-सुथरा एवं स्वच्छ बनाए रखने की अपील की सिंगल यूज प्लास्टिक कम करने का अनुरोध किया।वैश्य संगठन के वरिष्ठ ऋषभ सिंघई ने राष्ट्रपिता गांधी जी के सुंदर और स्वच्छ भारत के सपने को पूरा करने की सबसे प्रार्थना की और एडवोकेट प्रदीप जैन ने वैश्य संगठन ने सभी से संगठन में जुड़ने और जनसेवा के क्षेत्र में सहयोग देने के विचार रखे।कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने गांधी जी को श्रद्धांजलि समर्पित कर अपने घर मोहल्ले नगर को सुंदर और स्वच्छ रखने की शपथ ली। कार्यक्रम के उपरांत संगठन प्रमुख ने सभी को स्वल्पाहार कराया एवम मनोज जैन पिल्ली ने आभार व्यक्त किया रैली में सैंकड़ों नवयुवकों ने अपनी सहभागिता निभाई।

युवा मोर्चा ने स्वच्छता अभियान पखवाड़े में किया कार्यक्रम

दमोह देशबन्धु। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए स्वच्छता अभियान पखवाड़े के तहत भाजपा जिला अध्यक्ष प्रीतम सिंह लोधी के निर्देशन एवं युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष भारत यादव के मार्गदर्शन में भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला दमोह द्वारा जिले के सभी मंडलों में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने सड़कों, पार्कों, तालाबों, मंदिर प्रांगणो, समेत सामाजिक स्थानों में स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों से स्वच्छता बनाये रखने के लिये अपील की। कार्यक्रम में आम लोगों ने भी हिस्सेदारी करते हुए अभियान के तहत भारतीय जनता युवा मोर्चा के पदाधिकारी का साथ दिया। भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी राहुल कुमार जैन ने बताया कि भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष भारत यादव के निर्देशानुसार जिला मुख्यालय सहित जिले के सभी 22 मंडलों में स्वच्छता अभियान का कार्यक्रम संपन्न हुआ है और युवा मोर्चा के सभी मंडल के मंडल अध्यक्षों द्वारा जहां सफाई की आवश्यकता थी किसी मंडल में ग्राम के तालाबों की सफाई, मंदिर परिसर की सफाई, मुख्य बाजारों की सफाई, बस स्टैंड की सफाई, ऐसे प्रत्येक मंडल में अलग-अलग जगह पर स्वच्छता अभियान चलाया गया साथ ही महात्मा गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर जिला अध्यक्ष भरत यादव एवं नगर अध्यक्ष राकेश लोधी, राजुल चौराहा ने नगर मंडल की टीम के साथ घंटाघर स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर महात्मा गांधी जयंती की शुभकामनाएं प्रेषित की।

ब्लॉक कांग्रेस ने गांधी एवं शास्त्री जयंती मनाई

दमोह/नोहटा देशबन्धु। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नोहटा के द्वारा बापू जयंती एवं शास्त्री जयंती मनाई गई। जहां पर सभी लोगों ने बापू और शास्त्री जी को याद किया और पुष्प अर्पित किए। कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष संतोष रजक, मंडलम अध्यक्ष रामकिशोर सिंह, सेक्टर अध्यक्ष विश्वनाथ सिंह, पूर्व सरपंच कांग्रेस नेता रतन अहिरवार, जनपद सदस्य मौसीपुरा सरपंच लखन आदिवासी, मोशीपुरा उमराई सिह, रामू अहिरवार एवं ग्राम के सभी वरिष्ठ लोगों उपस्थित रहे।

नोडल अधिकारियों को सौपें दायित्वों की कलेक्टर अग्रवाल ने की समीक्षा

दमोह देशबन्धु। विधानसभा निर्वाचन 2023 की तैयारियों के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक अग्रवाल द्वारा नोडल अधिकारियों को सौपे गये दायित्व निर्वहन के संबंध समीक्षा बैठक कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई । इस अवसर पर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम सहित संबंधित अधिकारीगण मौजूद थे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक अग्रवाल ने नोडल अधिकारियों एवं सहायक नोडल अधिकारियों को सौंपे गये दायित्वों के निर्वहन के संबंध में विस्तृत निर्देश दिये । उन्होंने रूटचार्ट के संबंध मे नोडल अधिकारी को निर्देश दिये कि मतदान दलों को मतदान केन्द्रों तक जाने एवं वापिस आने हेतु जो रूटचार्ट तैयार किये गये हैं उनको पुन: देख लें। रूटचार्ट के अनुसार लगने वाली बसों का आंकलन सही तरीके से किया जाए । इसके पश्चात् भी बसों की आवश्यकता है तो नोडल अधिकारी प्रस्ताव तैयार कर दूसरे जिले से मांग की जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने चौकलिस्ट के संबंध में नोडल अधिकारी से कहा चैकलिस्ट एवं कैलेण्डर में दिये गये निर्देशों के अनुरूप कार्य करें। 600 मतदान केन्द्रों में बेवकास्टिंग की जायेगी जिसमें क्रिटिकल मतदान केन्द्रों के अलावा ऐसे कौन से और मतदान केन्द्र होंगे जहां बेवकास्टिंग होगी इसकी जानकारी समस्त रिटर्निंग आफीसर से प्राप्त की जावे। चौकलिस्ट अनुसार जिन नोडल अधिकारियों के द्वारा कार्य नही किया जा रहा है उन्हें पत्र जारी किया जाए। इसके साथ ही जिला निर्वाचन अधिकारी एवं रिटर्निंग आफीसर की चौकलिस्ट अुनसार भी कार्य किया जाए। बैठक में रूटचार्ट, चैकलिस्ट, मतदान दलों का गठन, ईव्हीएम, पीएलओ, मतदान सामग्री, सामग्री वितरण एवं वापिसी, आदर्श आचरण संहिता, प्रशिक्षण, कम्युनिकेशन प्लान, कानून व्यवस्था, मतदाता सूची, सहायक व्यय प्रेक्षक निगरानी, नामनिर्देशन, अपराध नियंत्रण, प्रेक्षक व्यवस्था, स्वीप प्लान आदि पर चर्चा की।

गांधी जयंती पर युवाओं ने किया श्रमदान

दमोह देशबन्धु। संपूर्ण देश में गांधी जयंती के उपलक्ष में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आवाहन पर स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है उसी क्रम में दमोह के युवाओं द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के तहत शहर के विभिन्न स्थानों पर जैसे घंटाघर, अंबेडकर चौक, नेहरू पार्क व अन्य जगहों पर स्वच्छ भारत अभियान के तहत साफ सफाई कार्य किया गया। संपूर्ण कार्यक्रम आलोक चौबे के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस अवसर पर संदीप सैनी, आशुतोष पांडे, रितेश ठाकुर, नीरज यादव, निलेश पाठक, निहाल, विकास एवं अधिक संख्या में युवाओं की मौजूदगी रही।

कांग्रेसियों ने मनाई गांधी-शास्त्री जयंती

दमोह देशबन्धु। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती पर जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में घंटाघर स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पहार करके कांग्रेसजनों ने घंटाघर से अंबेडकर चौक तक साफसफाई की। सभी ने झाड़ू लगाकर कचरा चिह्नित जगहो पर फेककर उनका जन्मदिवस मनाया। तत्पश्चात् जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित परिचर्चा में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रतनचंद जैन ने कहा कि हमारे महापुरूषों ने अहिंसा की राह अपनाकर इस देश को आजादी दिलाई थी हमारे भारत देश को एक लाठी के बल पर आजादी दिलाने वाले देश में आज के पीएम सत्ता की खातिर सरकारे जोड़ने तोड़ने में लगे है। विधायक अजय टंडन ने कहा कि दुर्भाग्य की बात है कि गांधी जयंती पर सफाई कर्मियों की मांगों पर भाजपा सरकार के किसी भी नुमाईदे ने उनकी हड़ताल खत्म करवाने की पहल नहीं की। शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कोमल अहिरवार ने कहा कि छुआछूत भेदभाव मिटाने उन्होंने समाज में अनेकों कार्य किये। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गौरव पटेल, सतीश जैन, रजनी ठाकुर, कमला निषाद, ललित नायक, वीरेन्द्र राजपूत, नितिन मिश्रा, शमीम कुरैशी, बब्लू भट्ट, मंजीत यादव, शुभम तिवारी, प्रफुल्ल श्रीवास्तव, विक्रम सिंह, अजय सरवरिया, डीपी पटेल, बसंत कुशवाहा, बाबूलाल पटेल, अजय जाटव, राजा रौतेला, राजू बगीरा ने भी कार्यक्रम में उपस्थित रहकर महापुरूषों की जीवनी पर प्रकाश डाला।

अजाक्स के मिलन समारोह में सेवानिवृत्त कर्मचारियों व महिलाओं का सम्मान

दमोह देशबन्धु। राजनगर पार्क दमोह में अजाक्स जिला स्तरीय मिलन समारोह का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। मुख्य रूप से कार्यक्रम में अजाक्स के सेवानिवृत्त कर्मचारियों व महिलाओं का समारोह मेडल से सम्मानित किया गया। डॉ मोहन सिंह आदर्श जिला अध्यक्ष अजाक्स ने कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी में बताया कि अजाक्स संघ मात्र कर्मचारी नहीं बल्कि समाज की अंतिम पंक्ति के व्यक्ति के हक व अधिकारों के लिए संघर्ष करता है, दमोह में स्थानीय संघर्ष लगातार जारी है, जिसमें प्राथमिकता से अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग के युवाओं के स्थाई रोजगार के लिए जिसमें बैकलॉग के 1437 पदों पर भर्ती कराने का टारगेट है। इसके लिए सभी विभागों का रोस्टर निर्धारण जरूरी है दमोह में अजाक्स के लगातार संघर्ष से कुछ विभागों का वैधानिक तरीके से रोस्टर जिला अनुमोदन समिति द्वारा तैयार हो गया है। परंतु कुछ विभाग प्रमुखों की मनमानी के चलते 2006 से आज दिनाँक तक विधिवत रोस्टर संधारित नहीं किया गया है। जिसमें स्वास्थ्य विभाग,शिक्षा विभाग,उच्च शिक्षा विभाग,महिला बाल विकास, जिला पंचायत, यहां तक कि दमोह कलेक्टर कार्यालय का रोस्टर भी अनुमोदित नहीं किया गया है। रोस्टर न तैयार होने के कारण स्थाई पदों पर ठेकेदारी प्रथा के अंतर्गत बड़े कमीशन पर आउट सोर्स भर्ती के माध्यम से दमोह के स्थाई रोजगार की हत्या की जा रही है इससे अनु.जाति, जनजाति नहीं बल्कि सभी वर्गों के बेरोजगार युवाओं को छला जा रहा है,जिसके लिए अजाक्स का संघर्ष जारी है। इस अवसर पर अजाक्स के सेवानिवृत्ति अधिकारी,कर्मचारियों का सम्मान किया गया।इस अवसर पर माननीय अनिल लारिया संभागीय अध्यक्ष अजाक्स सागर द्वारा कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि दमोह अजाक्स हमेशा अधिकारों के लिए तत्पर संघर्ष करता है और कर्मचारियों के अलावा आमजन को भी न्याय दिलाता है।

जिला औषधी संघ के चुनाव संपन्न, श्रीकांत दीक्षित अध्यक्ष, जयराज पाटकर सचिव बने

पन्ना, देशबन्धु। जिला औषधी संघ का निर्वाचन होटल सान्वी लैन्ड मार्ग में संपन्न हुआ। जिसमें सर्व सहमति से श्रीकांत दीक्षित को संगठन का फिर से अध्यक्ष निर्वाचित किया गया है तथा जयराज पाटकर सचिव बनाये गयें है। उक्त निर्वाचन संजय सुल्झेरे मुख्य चुनाव पदाधिकारी तथा संतोष पोहानी एवं आलोक जैन सहायक निर्वाचन अधिकारी के द्वारा चुनाव संपन्न कराये गये। उक्त निर्वाचन में छतरपुर से अशोक पटैरिया तथा सतना से दीनदयाल तिवारी विशेष पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित रहें। शांति पूर्ण ढंग से संपन्न चुनाव होने पर पदाधिकारियों का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया। उक्त कार्यक्रम में जिले भर से औषधी विक्रेता संघ के सदस्य शामिल हुए। निर्वाचित पदाधिकारियों को औषधी संघ के सदस्यो द्वारा बधाई दी।

पितृपक्ष पर किया पौधारोपण

दमोह देशबन्धु। साप्ताहिक पौधारोपण करने वाली सामाजिक संस्था कदम ने आज भारत माता पार्क में ठीक 10 बजे पितृपक्ष के अवसर पर पौधा रोपकर अपने पितरों को याद किया, संस्था द्वारा राष्ट्रपिता स्वर्गीय महात्मा गांधी, पंडित स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री के जन्मदिन पर पौधा रोपकर उनका स्मरण किया। इस अवसर पर रिचा त्रिपाठी, प्रभात जैन, अवनी खरे ने अपना जन्मदिन कदम संस्था के साथ पौधा रोककर मनाया। संस्था प्रमुख दीपक सेन ने कदम संस्था जबलपुर के संरक्षक सदस्य राजीव चतुर्वेदी, मिथिलेश श्रीधर, पत्रकार संजय सरवरिया, अशोक नायक, नितिन चौरसिया, विशाल खटीक, विकास ठाकुर का जन्मदिन पौधा रोपकर मनाया सभी ने मिलकर कदम का पारंपरिक गीत गया सोनल राय, रिचा त्रिपाठी ने पौधों के साथ-साथ विचारों का भी रोपण किया इसके पश्चात सम्मान पत्रों का वितरण किया गया। इस अवसर पर विशेष उपस्थिति मोनिका टंडन, सोनल राय, सुधा हजारी, राधेश्याम नेमा, प्रभात जैन, डॉक्टर केदारनाथ शर्मा, अंकित खरे, राहुल टंडन, रंजीत सैनी, पलाश असाटी की विशेष उपस्थिति रही।

जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित हुई गांधी चौपाल

दमोह देशबन्धु। स्थानीय जिला कांग्रेस कार्यालय में गांधी जयंती के अवसर पर एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे के निर्देश पर जिलाध्यक्ष शुभम तिवारी एवं पदाधिकारियों द्वारा गांधी चौपाल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधायक अजय टंडन, जिला कांग्रेस अध्यक्ष रतनचंद जैन, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गौरव पटेल और शहर (ब्लॉक) अध्यक्ष कोमल अहिरवार सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे। दमोह विधायक अजय टंडन ने कहा युवाओ को गांधी जी द्वारा बताए गए सत्य एवं अंहिसा के मार्ग पर सदैव चलना चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष रतनचंद जैन ने सभी एनएसयूआई साथियो को आगामी चुनाव मे जीत दर्ज कराने का संकल्प दिलाया। शुभम तिवारी ने बताया कि आजादी के लिए कांग्रेस नेताओं के बलिदान को याद करते हुए विकास और परिवर्तन के लिए हर स्तर पर संवाद करते हुए लोगों को जागरूक करना है जिससे आम जन विद्वेष से दूर रहकर प्रगति के पथ पर आगे बढ़े। इस अवसर पर देनप सोशल मीडिया अध्यक्ष हेमेंद्र प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष खान, महासचिव दीक्षित, विवेक शर्मा, शिवम सोनी, नारायण पटेल, गौरव अवस्थी, अभिषेक अहिरवार, निखिल, अनिकेत दुबे, आशीष सेन, विनय कुमार, सोनू सेन, प्रदीप पटेल, सुरेंद्र अहिरवार, अभिषेक ठाकुर आदि पदाधिकारी एवं अनेक कार्यकार्ता सम्मिलित हुए।

विकास किया है - विकास करेंगे

₹ 6940 करोड़
लागत की
भोपाल मेट्रो का
ट्रायल रन फ्लेग ऑफ
सुभाष नगर, भोपाल । पूर्वाह्न 11:00 बजे

महिला स्व-सहायता समूह सम्मेलन एवं
राज्य स्तरीय
1400 स्कूटी व ऋण वितरण
जम्बूरी मैदान, भोपाल । दोपहर 12:30 बजे

तथा
स्टेट मीडिया सेन्टर का भूमिपूजन
मालवीय नगर, भोपाल । दोपहर 12:00 बजे

मुख्यमंत्री
शिवराज सिंह चौहान
द्वारा
3 अक्टूबर, 2023

भोपाल मेट्रो
आवागमन का तेज, सुरक्षित, आधुनिक और आरामदेह साधन उपलब्ध होने के साथ हरित ऊर्जा से होगा पर्यावरण संरक्षण

स्टेट मीडिया सेन्टर
यह सेन्टर सार्थक और प्रासंगिक मीडिया गतिविधियों का प्रमुख केन्द्र बनेगा, नये भवन में सभागार, पुस्तकालय, सामान्य कक्ष व अन्य आधुनिक सुविधाएं होंगी

महिला स्व-सहायता समूह
4 लाख 50 हजार से अधिक स्व-सहायता समूहों के माध्यम से 53 लाख से अधिक महिलायें हुईं आत्मनिर्भर। ₹5 हजार 800 करोड़ से अधिक का क्रेडिट लिंकेज

सीधा प्रसारण @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

D-11132/23 आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2023

स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली** * प्रबंध संपादक **डॉ. योगेश दत्त तिवारी** फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in **प्रेस पंजीयन-** MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

सार-समाचार

स्वछता ही सेवा अभियान के अंतर्गत श्रमदान किया

सागर, देशबन्धु। मप्र जन अभियान परिषद सागर विकासखंड की नवांकुर संस्था विदया विजय एजुकेशन वेलफेयर सोसायटी ने महात्मा गांधी जयंती के उपलक्ष्य में मकरोनिया नगर पालिका के वार्ड नं. 18 बड़तुमा में विधायक प्रदीप लारिया और नगर पालिका अध्यक्ष मिहीलाल के आतिथ्य में स्वछता ही सेवा अभियान के अंतर्गत श्रमदान किया। इस अवसर पर समाजसेवी चंद्रप्रकाश शुक्ला, नीलरतन पात्रा, दिनेश दुबे, सुकोमाल जैन, शिवदीन आठया, संदीप रैकवार, गौरव सिंह राजपूत एवं अन्य समिति सदस्यों ने श्रमदान में सहभागिता की।

गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री की जन्म जयंती पर पंचायत में की सफाई

देवरीकलां, देशबन्धु। देवरी जनपद पंचायत अंतर्गत महाराजपुर पंचायत में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जन्म जयंती के उपलक्ष में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए जा रहा स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत महाराजपुर ग्राम पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि संतोष सोनी द्वारा स्वयं अपनी पंचायत में साफ सफाई एवं स्वच्छता का ध्यान रखते हुये स्वच्छता एवं साफ सफाई की, महाराजपुर ग्राम पंचायत की सरपंच आकांक्षा सोनी द्वारा अपनी पंचायत में चाहे स्वच्छता की बात हो या कोई भी निर्माण कार्य की या जनता के हित के कार्यों की सबसे पहले उनके कार्यों पर ध्यान दिया जाता है।

सुबह प्रभात फेरी निकाल कर किया राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री को याद

देवरीकलां, देशबन्धु। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर स्वच्छता अभियान के तहत गांधी मंदिर प्रांगण की सफाई की गई। इसके बाद देवरी नगर के गणमान्य नागरिकों द्वारा महाकाली वार्ड स्थित गांधी मंदिर से सुबह प्रभात फेरी निकाली गई। सभी लोग रघुपति राघव राजा राम, पतित के पावन सीताराम गाते हुए निकले। जगह-जगह स्वयंसेवी संस्थाओं आदि के द्वारा प्रभात फेरी का उमंग और उत्साह उद्घोष के साथ स्वागत किया गया। प्रभात फेरी मुख्य मार्गो से होते हुए स्टैंड स्थित गांधी स्मारक पर पहुंचकर गांधी जी के चित्र पर माल्यार्पण किया। तदोपरांत प्रसाद वितरण किया गया। इसअवसर पर गिरजा रजक, अनिल मिश्रा, सुधीर श्रीवास्तव, बबलू जैन सिनेमा, जशवंत रजक, चंद्रशेखर दुबे, राजू दीक्षित, अंकेश जैन, प्रवीण पाठक सहित गणमान्य नागरिक एवं जन समस्या निर्माण संस्थान के सदस्य उपस्थित रहे।

समस्त पर्यवेक्षक, अधिकारी मुख्यालय पर निवास बनाये: जिला कार्यक्रम अधिकारी

मालथौन, देशबन्धु। गांधी जयंती के अवसर पर नवागत परियोजना अधिकारी सयोंकिता राजपूत की उपस्थिति में ब्रजेश त्रिपाठी जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा आंगनवाड़ी केंद्रो की नियमित संचालन, केंद्र समय पर खुलने व विभागीय योजनाओ की प्रगति एवं सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। पोषण अभियान अंतर्गत जन आंदोलन पोर्टल में गतिविधि की एंट्री कल तक 100 प्रतिशत करने, समस्त पर्यवक्षको की मुख्यालय पर निवास करने, कुपोषित बच्चों का चिन्हित कर कर पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती करने, पोषण ट्रेकर में सभी हितग्राहियों की शतप्रतिशत एंट्री करने के निर्देश दिए गए। उक्त बैठक में परियोजना मालथौन की समस्त पर्येवेक्षक उपस्थित रही। साथ ही ब्रजेश त्रिपाठी जिला कार्यक्रम अधिकारी गौधाम अंडेला में मंत्री भूपेंद्र सिंह के आयोजित कार्यक्रम में भी उपस्थित हुए। सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता केंद्र स्तर पर स्वीप प्लान के तहत आज महिला मतदाता सम्मेलन आयोजित करने के निर्देश दिए। जिसके लिए मतदान संदेश की रंगौली सजाकर, मतदान गीत गायन, मतदान नारो का उद्घोषन, मतदान शपथ, मतदाता जागरूकता रैली उक्त सम्मेलन हेतु सभी स्थानीय महिला कर्मियो, महिला मतदाताओं को घर घर पीले चावल व मुनादी कराकर आमंत्रित करना हैं। मतदाता सम्मेलनों को स्थानीय पंचायत भवन शाला भवनों में प्राथमिकता से आयोजन किया जाए। सभी बीएलओ इसके नोडल रहेंगे उनके सहयोग समन्वय से सभी आगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा यह आयोजन कराना परियोजना अधिकारी सुपरवाइजर निर्वाचन आयोग की गाइड लाइन अनुसार सुनिश्चित कराते हुए फोटो न्यूज स्वीप ग्रुप पर भेजे।

नेशनल हाइवे 44 के खतरनाक गड्ढ़े वाहन सवारों को यमराज बने

फोरलेन सड़क के गड्ढ़े में बाइक गिरने से युवक पहुंचा आईसीयू में

मालथौन, देशबन्धु। राष्ट्रीय राजमार्ग 44 थाना मालथौन क्षेत्र की सड़क गड्ढ़े जानलेवा साबित हो रहे है। गत रविवार रात्रि में एक युवक की बाइक गड्ढ़े में गिरने से युवक आईसीयू में पहुंच गया सागर की निजी अस्पताल में जिंदगी और मौत की जंग लड़ रहा हैं। सागर, मालथौन, झांसी, देवरी, महाराजपुर फोरलेन सड़क के बड़े-बड़े गड्ढ़े वाहन चालकों को जनलेवा साबित हो रहे है। आए दिन गढ्डों के वजह से भीषण सड़क दुर्घटनाएं घट रही है। सड़क के गड्ढ़े यमराज का काम कर रहे है। सबसे ज्यादा वाहन चालकों रात के समय में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है रफ्तार में दौड़ रहे वाहनों के सामने अचानक बड़े बड़े गड्ढ़े में गिरने से छोटे बड़े वाहन अनियंत्रित होकर सड़क दुर्घटनाओं की अधिक संभावनाए रहती हैं। कही कही 4 वाई 4 के गड्ढ़े हो गए हैं पिछले दिनों एक ट्रक गड्ढ़े को बचाने चक्कर में पलट गया था। सड़क अथॉरिटी बदहाल सड़क से टोल बसूलने में लगी है उसे मुसाफिरों की जीवन की फिक्र नहीं हैं। आखिर फोरलेन सड़क के गढ्डों की वजह से हो रही दुर्घटनाओं का जिम्मेदार कौन।

पुलिस स्वतः संज्ञान में

पुलिस हो रही दुर्घटनाओं को संज्ञान में लेकर हादसों की वजह की जांच करे। जो खामियां लापरवाही पर पुलिस सम्बंधित हाइवे 44 की सड़क अथॉरिटी कम्पनी के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज कर उन पर मुकदमा चलाये। सड़क सुरक्षा, सुविधा मानकों में लापरवाही से हो रही हादसों का दोषी माना जाए। क्योकि वह अच्छी सड़क का पूरा टैक्स दे रहा हैं। जानकारी के अनुसार रविवार रात मालथौन से बाइक से युवक अपने घर कुमरोल जा रहा था इटवा के पास बाइक सड़क बड़े गड्ढ़े में गिरने से अनियंत्रित होकर गिर गई बाइक सवार गंभीर रूप घायल हो गया उसने फोन कर यहा के अधिकारी को जानकारी दी। उन्होंने से मौके पर पहुंचकर युवक को 108 एम्बुलेंस की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया गया। युवक की हालत गंभीर होने पर तत्काल 108 एम्बुलेंस की मदद से सागर की एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जिसे आईसीयू वार्ड में भर्ती कराया गया जहां उसका उपचार चल रहा है। जिदंगी और मौत के बीच जूझ रहा हैं। मालथौन में एक ठेकेदार के अंतर्गत युवक विक्रम प्रजापति कुमरोल निवासी मुंशी काम देख रहा था वह रविवार की रात अपने घर बाइक से कुमरोल जा रहा हाइवे के इटवा के पास बाइक गड्ढ़े में गिरने से हादसे का शिकार का हो गया।

एनसीसी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा रक्तदान कार्यक्रम का आयोजन

सागर, देशबन्धु। शास. कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय की एनसीसी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा रक्तदान महादान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें संस्था प्राचार्य डॉ. संजीव दुबे के संरक्षण में एवं जिला संगठक डॉ. संगीता मुखर्जी एवं डॉ. जयनारायन यादव के मार्गदर्शन में एवं डॉ. अमर कुमार जैन, रासेयों मुक्त इकाई कार्यक्रम अधिकारी अब्दुल तबरेश मंसूरी, रासेयों राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित स्वयंसेवक अंकित चौरसिया, अमित चौरसिया की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। छात्रों ने रक्तदान कर कार्यक्रम को सफल बनाया। प्राचार्य डॉ. संजीव दुबे ने कहा यह महादान कई पीड़ित जीवन को स्वस्थ बनाने में अमृत का कार्य करेगा। सभी छात्रों को रक्तदान हेतु प्रेरित करते हुए छात्रों को सफल कार्यक्रम की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में सभी स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

नेहरु युवा केन्द्र द्वारा किया गया श्रमदान एवं साफ सफाई

बांदरी, देशबन्धु। नेहरु युवा केन्द्र के तत्वाधान में मालथौन ब्लाक के राष्ट्रीय स्वयंसेवक आकाश रैंकवार एवं युवा मंडल के सदस्यों ने महात्मा गांधी की जयंती के उपलक्ष्य में नगर परिषद बांदरी स्थित नव निर्माण मंदिर की चारों तरफ साफ सफाई एवं श्रमदान किया गया। नेहरु युवा केन्द्र के पूर्व राष्ट्रीय स्वयंसेवक धर्मेन्द्र रैंकवार ने अपील कि नवरात्रि का पर्व नजदीक हैं इसी को ध्यान में रखते हुए जो भी नगर एवं क्षेत्रवासी अपने मन से श्रमदान करना चाहे वह कर सकता हैं। सर्वजनिक नव दुर्गा उत्सव समिति के सदस्य वीरेन्द्र सिंह ने बताया कि 15 अक्टूबर से नवरात्रि का पर्व प्रारंभ होने जा रहा हैं। थाना बांदरी में नगर की सबसे सुन्दर झांकी माता रानी कि सजाई जाती हैं, इसी को ध्यान में रखते हुए नेहरु युवा केन्द्र एवं कमेटी के द्वारा प्रतिदिन 3 घंटे श्रमदान किया जाएगा। ताकि नवरात्रि पर दर्शन करने वाले श्राद्धालुओं को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पड़े।

रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग पुलिस अधिकारियों की बैठक आज

सागर, देशबन्धु। विधानसभा निर्वाचन 2023 की परिप्रेक्ष्य में रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारियों के साथ पुलिस अधिकारियों की बैठक आज महाकवि पद्माकर सभागार में सायं 4 बजे से प्रारंभ होगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी भव्या त्रिपाठी ने बताया कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य के निर्देश पर विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत जिले के समस्त रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी, पुलिस अधिकारियों की बैठक आयोजित की जाएगी। जिसमें संवेदनशील एवं अति संवेदनशील मतदान केन्द्रों की मैपिंग पर चर्चा होगी। सायं काल 5 बजे से 7 बजे तक आदर्श संहिता एवं निर्वाचन से संबंधित अन्य जानकारी दी जाएगी।

हर वर्ग के कल्याण, प्रगति की चिंता करती है भाजपा की सरकार: सरोज सिंह

बांदरी, देशबन्धु। सोमवार को बांदरी के छह वार्डों में भूमिहीन लोगों के चेहरे पर प्रसन्नता देखने को मिली। यहां विभिन्न कार्यक्रमों में जिला पंचायत की पूर्व उपाध्यक्ष सरोज सिंह ने 848 भूमिहीन परिवारों को मुख्यमंत्री भू-अधिकार योजनांतर्गत जमीन के पट्टों का वितरण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सरोज सिंह ने कहा कि हर वर्ग के कल्याण व प्रगति के लिए भाजपा कार्य कर रही है। आज मंत्री भूपेन्द्र सिंह के प्रयासों से यहां पात्र परिवारों को मालिकाना हक के पट्टे वितरित किए गए है। हर जरूरतमंद का इस योजना में मिलने वाले लाभ पर पूरा अधिकार है। जिनके पास पहले स्वयं की भूमि नहीं थी, वे अपना आवास नहीं बना पा रहे थे। उन्होंने मंत्री भूपेन्द्र सिंह द्वारा किए गए अनेक विकास कार्यों की जानकारी दी।

एक बार फिर से सर्वे कराकर, नल कनेक्शन प्रदान करे: मिहिलाल

मकरोनिया, देशबन्धु। नगर पालिका अध्यक्ष मिहिलाल अहिरवार के द्वारा टाटा प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को निर्देशित किया की संपूर्ण मकरोनिया निकाय क्षेत्र में अपना एक बार फिर से सर्वे कराकर समस्त वार्डों में पाइप लाइन बिछाने एवं नल कनेक्शन प्रदान करे तथा वर्तमान समय में नगर पालिका परिषद मकरोनिया क्षेत्र अंतर्गत लगभग 16 हजार जलप्रदाय कनेक्शन है एवं एक ओवरहेड टैंक है जिसके द्वारा पूरे मकरोनिया शहर में पानी की सप्लाई की जा रही है। जिससे संपूर्ण शहर में पर्याप्त पानी की सप्लाई नहीं हो पा रही है। इसलिए नगर पालिका परिषद अध्यक्ष मिहिलाल अहिरवार ने टाटा प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को निर्देशित किया की शीघ्र अतिशीघ्र 2 अतिरिक्त ओवरहेड टैंक निर्माण करें जिससे पूरे मकरोनिया क्षेत्र में सुगमता से पानी की सप्लाई की जा सके।

सफाई मित्रों का सम्मान समारोह कार्यक्रम सम्पन्न

मकरोनिया, देशबन्धु। महात्मा गांधी जयंती के उपलक्ष में नगर पालिका मकरोनिया में विधायक प्रदीप लारिया एवं नगर पालिका अध्यक्ष मिहिलाल अहिरवार एवं सभी पार्षदो ने मिलकर नगर पालिका के सभी सफाई मित्रो पर पुष्प वर्षा कर सफाई मित्रो का सम्मान किया। इस अवसर पर प्रदीप लारिया ने सभी सफाई मित्रो का धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि आप सभी की वजह से ही आज हमारा क्षेत्र हमारा नगर स्वच्छ है हम तहे दिल से आप सभी का धन्यवाद करते हैं। अध्यक्ष ने भी सभी सफाई मित्रों का आभार व्यक्त किया और बताया कि आपकी वजह से ही आज हमारा शहर स्वच्छ है। ऐसे ही निरंतर हमारे शहर को स्वच्छ बनाए रखें और सभी लोगों से अपील की सभी लोग इस स्वच्छता में अपना सहयोग करें अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखें। इस अवसर पर बलवंत सिंह ठाकुर, विवेक सक्सेना, नरेंद्र सिंह ठाकुर, राजा रिछारिया, मुख्य नगर पालिका अधिकारी रीता कैलासिया, उपयंत्री अमन जैन, महादेव सोनी, नगर पालिका अधिकारी कर्मचारी एवं सफाई मित्र उपस्थित रहे।

अंशकालीन सफाई कर्मचारियों का धरना प्रदर्शन का तीसरा दिन

सागर, देशबन्धु। गांधी जयंती के अवसर पर एवं स्वच्छता पखवाडे के दिन अजाक्स अंशकालीन सफाई कर्मचारियों का तीसरे दिन भी अनिश्चित धरना प्रदर्शन खेल परिसर के पास जारी रहा। धरना प्रदर्शन के बाद रैली निकालकर, धरना स्थल से प्रमुख मार्गों से होते हुए कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार बहादुर सिंह ठाकुर को सौंपा। धरना प्रदर्शन का समर्थन करने आए चूरामन रैकवार, थान सिंह, अभिनंदन बंदेलिया, दिलीप करोसिया ने मांगों के संबंध में अपना समर्थन दिया। ज्ञापन देने वालों में गजेन्द्र बोहत, विजय कुमार बाल्मीकि, समीष अहिरवार, चन्द्रभान रोहित, प्रीतम अहिरवार, दिनेश चौधरी एवं अनेक अजाक्स के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

जिला शहर कांग्रेस ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री को याद किया

सागर, देशबन्धु। जिला शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में गांधी, शास्त्री जयंती का आयोजन गांधी कीर्तन मंदिर मछरयाई में किया गया। इसकी अध्यक्षता वरिष्ठ कांग्रेस नेता पुरषोत्तम मुन्ना चौबे ने की। इस अवसर पर पूर्व विधायक सुनील जैन ने कहा कि महात्मा गांधी अहिंसा के पुजारी थे, इसके बल पर उन्होंने देश को स्वतंत्र कराया। प्रदेश महासचिव मुकुल पुरोहित ने कहा कि आज गांधी और गोडसे की विचार धाराओं के बीच की लड़ाई है, हम गांधी विचार के साथ है। संगठन मंत्री चक्रेश सिंघई ने कहा कि भाजपा गोडसे के विचारों की पार्टी है जो गांधी विचार को समाप्त करने में लगी है। जिला उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता आशीष ज्योतिषी ने कहा कि गांधी इस देश की आत्मा है भाजपा ने उन्हें सिर्फ स्वछता का ब्रांड एंबेसडर बना दिया है। शास्त्री जी ने इस देश को जय जवान जय किसान का नारा दिया उन्होंने देश के खाद्यान्न भंडार को बढ़ाने में मदद की। प्रदीप पांडे ने कहा कि आज देश में अपने-अपने गांधी हैं। गांधी का मूल तत्व खत्म कर दिया गया है लेकिन गांधी के विचार हमेशा प्रासंगिक थे और रहेंगे। सेवादल अध्यक्ष ग्रामीण महेश जाटव ने कहा कि गांधी जयंती पर भाजपा झाड़ू लगाने के नाटक कर रही है। युवा कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र चौधरी ने कहा कि भाजपा सरकार धीरे-धीरे लोगों के मन से गांधी को दूर करने का घिनौना कृत्य कर रही है। अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता पुरुषोत्तम मुन्ना चौबे ने कहा कि गांधी की कथनी और करनी में एक रूपता थी, उन्होंने सत्य और अहिंसा को हथियार बनाकर देश के लोगों को एकजुट करने का काम किया। इस अवसर पर महजबीन अली, रजिया खान, मीना पटेल, सुधा रजक आदि ने वैष्णव जन तो तेने कहिये गीत गाकर गांधी जी को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष योगराज कोरी ने तथा आभार प्रदर्शन सेवादल शहर अध्यक्ष सिंटू कटारे ने किया।

रक्त क्रांति रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

बीना, देशबन्धु। सिविल अस्पताल बीना के सभागार में विश्व वृद्धजन दिवस एवं विश्व शाकाहार दिवस के अवसर पर सिविल अस्पताल के डॉक्टर्स व अस्पताल स्टाफएवं स्वास्थ्य सेवा संगठन बीना द्वारा रक्त क्रांति रक्तदान शिविर-53 का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 15 रक्तदाताओं नें रक्तदान किया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ ब्लड स्टोरेज सेंटर प्रभारी अधिकारी डॉ. वीरेन्द्र सिंह ठाकुर, स्वास्थ्य सेवा संगठन बीना अध्यक्ष मनीष सिंघई एवं डॉ. आलोक सिंह के द्वारा स्वास्थ्य के देवता भगवान धन्वंतरी के पूजन व माल्यार्पण के साथ किया गया। लैब टेक्निशियन दीनदयाल, राजकुमार, लैब सहायक पुष्पा कोरी, अभिषेक, रामसहाय, जसवंत सेन द्वारा रक्तदाताओं का रक्तदान करवाया गया। सिविल अस्पताल बीना में रक्त-क्रांति रक्तदान शिविरों के समस्त भागों में 1656 यूनिट से अधिक ब्लड, रक्तदान किया जा चुका है। रक्तदान शिविर में चिकित्सा अधिकारी व संरक्षक रक्त क्रांति रक्तदान शिविर डॉ. वीरेन्द्र सिंह ठाकुर, संध्या यादव, संतोष यादव, नरेन्द्र रजक, उमादेवी कुशवाहा, विपुल नायक, रीतेश सोलोमन आदि रक्तदाताओं द्वारा रक्तदान किया गया। इस अवसर पर डॉ वीरेन्द्र सिंह ठाकुर द्वारा आमजनों से अपील की गई कि वह अपने घर व आस पड़ोस के बड़े बुजुर्गों का उचित सम्मान करें व उनको स्वस्थ बनाए रखने के लिए अस्पताल से हर वर्ष उनकी आवश्यक जांचें, स्वास्थ्य परीक्षण व समय पर उचित इलाज करवाएं। साथ ही मांसाहार से होने वाली बीमारियों के बारे में बताते हुए शाकाहार, शुद्ध आहार अपनाने की सलाह भी दी। शाकाहार में प्रत्येक दिन हरी सब्जियां, फल, सलाद इत्यादि से भोजन में शरीर के लिए सभी आवश्यक तत्व प्राप्त होनें व पाचन तंत्र मजबूत होने के बारे में बताया।

सेवादल ने बापू और शास्त्री जी के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया

सागर, देशबन्धु। राष्ट्र पिता महात्मा गांधी जी और देश के द्वितीय प्रधानमंत्री पं. लाल बहादुर शास्त्री के जन्मजयंती के उपलक्ष्य में कांग्रेस सेवादल परिवार ने गांधी मूर्ति, पुरानी गल्ला मंडी और शास्त्री चौक पर शास्त्री प्रतिमा सदर बाजार में प्रतिमाओं का अभिषेक कर पुष्पांजलि अर्पित कर दोनों महान विभूतियों को स्मरण किया और दोनों महापुरुषों के बताये मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला ग्रामीण कांग्रेस के अध्यक्ष आनंद अहिरवार ने कहा कि अहिंसा के पुजारी महात्मा गांधी जिन्हें हम बापू और राष्ट्रपिता के नाम से संबोधित करते हैं, महान महापुरुष और स्वतंत्रता सेनानी थे। यदि हम यह कहें कि आज के भारत के निर्माण में गांधी का सर्वाधिक योगदान था तो कुछ भी गलत नहीं है, क्योंकि भारत की स्वतंत्रता और आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए उन्होंने सभी धर्मो के लोगों को एक करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। पूर्व विधायक सुनील जैन ने बापू और शास्त्री को याद करते हुये कहा कि गांधी एक वचन है और शास्त्री जी एक शपथ, जो हमे अपने कर्तव्यों का अहसास दिलाते हैं। वरिष्ठ कांग्रेसी पुरूषोत्तम मुन्ना चौबे ने बापू की दक्षिण अफ्रीका में ट्रेन से उतारने की घटना और शास्त्री जी के समय देश में अनाज की कमी के समय दोनों महापुरुषों की दृढ़ता को अपने संबोधन में पारिभाषित किया। कार्यक्रम में अशोक श्रीवास्तव, रमाकांत यादव, चक्रेश सिंघई, संदीप सबलोक आदि ने भी अपनी बात रखी। कार्यक्रम के आयोजक शहर सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे और ग्रामीण सेवादल के अध्यक्ष महेश जाटव के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

एक भारत ही ऐसा देश है जिसे मां शब्द से संबोधित किया जाता है: मुनिश्री

गांधी जयंती पर स्कूली बच्चों ने निकाली अहिंसा रैली

शाहगढ़, देशबन्धु। शासकीय अशासकीय विद्यालयों के बच्चो ने गांधी जयंती पर अहिंसा रैली निकाल कर नगर की स्वच्छता और सत्य अहिंसा का संदेश दिया। महात्मा गांधी का आवरण धारण किये करीब सौ से अधिक बच्चों सहित विद्यालयों द्वारा झांकी सजाकर दिखाये प्रदर्शन पर चतुर्मास समिति द्वारा पुरस्कृत किया गया। झांकी में प्रथम अभिनव आइडियल स्कूल, द्वितीय एक्टिव चिल्ड्रन एवं सम्मति विद्यालय, तृतीय पुरस्कार मॉर्निंग स्टार स्कूल को दिया गया। इसके अलावा गांधी बनाओ प्रतियोगिता में प्रथम आइडियल पब्लिक स्कूल, द्वितीय आठ माह के गांधी बने निर्वेद जैन और डेढ़ साल के बच्चे बच्चा वेदही को तृतीय पुरस्कार दिया। उत्कृष्ट विद्यालय की छात्राओं ने स्वच्छता नाटक को प्रस्तुत किया जिसकी सराहना हुई, सभा के पूर्व तहसीलदार जीसी राय, रंजोर सिंह बुंदेला, राधा बाबूलाल खटीक, एमजी गोस्वामी, भागचंद सेठ ने गांधी जी के जीवन की बच्चो को जानकारी दी और नगर की स्वच्छता को लेकर अपनी वक्तव्य दिए। नगर परिषद में प्राइस में देर शाम महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि और देते हुए भजन संध्या का आयोजन किया गया। नगर में संचालित गौशाला में नगर परिषद की ओर तीन लाख की लागत से निर्माणधीन सीसी रोड का रंजोर सिंह बुंदेला ने भूमि पूजन किया। नगर के हृदय स्थल झंडा चौक पर आयोजित अहिंसा दिवस कार्यक्रम में विराजमान मुनिश्री विरंजन सागर ने जन समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि आज के दिन युग पुरुष ने जन्म लिया। भारत देश की इस वसुंधरा पर जहां पर समय-समय पर संत महापुरुषों ने अहिंसा धर्म का जय घोष किया। एक भारत ही ऐसा देश है जिसे मां शब्द से संबोधित किया जाता है। मां के अंदर दया, कृपा, वत्सल हुआ करती है, जितने भी इस पृथ्वी पर संत महात्मा हुए उन सभी महात्माओं ने इसी धरती भारत की भूमि पर जन्म लेकर संचित किया। हम देश के लिए पहले है अगर देश है तो धर्म है। सोने की चिड़िया वाले इस देश में सत्य अहिंसा दया करूणा लुप्त होती जा रही है, दिगंबर संत जिसकी चारों दिशा ही अंबर है वहीं दिगंबर है, जनसंत ने कहा कि स्वतंत्रता के समय देश में 36 कत्लखाने थे जो अब 36 हजार कत्लखाने हो गए। गांधी जयंती पर उनके स्वच्छता, सत्य, अहिंसा के सूत्र को धारण कर अपने नगर को मुहल्ले की स्वच्छ की प्रतिदिन सफाई करने का दिन है, स्वच्छता मन से अपनाई जाती है कहीं नहीं जाती, इस दौरान जनसंख्या ने परिसर में मौजूद एक हजार से अधिक बच्चों, अभिवावकों, पुरुषों को नशा मुक्ति और मांसाहार का हाथ उठाकर संकल्प दिलवाया।